# दहकती खबरें

राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र

E-Mail: dahaktikhabrain2011@gmail.com

अन्याय के विरुद्ध आम आदमी की आवाज

DAVP CODE: 132457 RNI. NO. UPHIN/2011/39283 (लखनऊ से प्रकाशित एंव सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रसारित)

वर्ष–13 अंक–222 लखनऊ,सोमवार 22 अप्रैल 2024 पृष्ठ–8 मूल्य–01 रूपए



आजाद बिजनेस सेंटर

हमारे यहाँ सभी प्रकार के समाचार पत्र एवं पत्रिका की कम्पोजिंग का कार्य उचित दर पर किया जाता है।



अच्छी छपाई एवं आकर्षक कम्पोजिंग के लिए संपर्क करें।



इम्तियाज अहमद सम्पर्क: 9044777902

E-Mail: azadbusiness0786@gmail.com

नोट: छपाई एवं बण्डल लगाने की सुविधा उपलब्ध है।


## हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत पर है गर्व : पीएम मोदी

### संघर्ष के बीच फंसी दुनिया को भारत से शांति की उम्मीद.महावीर जयंती के मौके पर बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महावीर जयंती के मौके पर दिल्ली के भारत मंडपम में 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया इसके साथ ही देशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी.पीएम ने कहा कि भगवान महावीर का शांति और सद्भावना का संदेश शविकसित भारतश के निर्माण में देश के लिए प्रेरणा है. उन्होंने कहा कहा कि भारत मंडपम का ये भव्य भवन आज भगवान महावीर के 2,550वें निर्वाण महोत्सव के आरंभ का साक्षी बन रहा है. पीएम मोदी ने कहा कि भगवान महावीर का ये 2,550वां निर्वाण महोत्सव हजारों वर्ष का एक दुर्लभ अवसर है. ऐसे मौके कई विशेष संयोगों को भी जोड़ते हैं. पीएम नो कहा कि यह वो समय है जब भारत अमृतकाल के शुरुआती दौर में है. पीएम ने कहा कि भगवान महावीर के प्रति युवा पीढ़ी का ये आकर्षण और समर्पण, ये विश्वास पैदा करता है कि देश सही दिशा में जा रहा है.

**संघर्ष के बीच फंसी दुनिया को भारत से शांति की उम्मीद**

पीएम मोदी ने कहा कि आज संघर्ष के बीच फंसी दुनिया भारत से शांति की उम्मीद कर रही है. नए भारत की इस नई भूमिका का श्रेय हमारी बढ़ती क्षमता और विदेश नीति को दिया जा रहा है. पीएम ने कहा कि इसमें देश की सांस्कृतिक छवि का बहुत बड़ा योगदान है. आज भारत इस भूमिका में आया है क्योंकि हम वैश्विक मंचों पर सत्य और अहिंसा को पूरे आत्मविश्वास के साथ सामने रखते हैं. संकट और संघर्ष भारत की प्राचीन संस्कृति, भारत की प्राचीन परंपरा में शामिल है.

पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव के कठिन समय में ऐसे पवित्र कार्यक्रम में शामिल होना उनके दिल और दिमाग को अत्यंत शांति दे रहा है. उन्होंने कहा कि भारत न केवल विश्व की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यता है, बल्कि मानवता का सुरक्षित ठिकाना भी है. कविता के अंदाज में पीएम मोदी भारत की तरीफ की. उन्होंने कहा कि..

ये भारत ही है, जो
स्वयं के लिए नहीं, सर्वम के लिए सोचता है।
स्व की नहीं, सर्वस्व की भावना करता है।
अहम नहीं, वहम की सोचता है।
इति नहीं, अपरिमित में विश्वास करता है।
नीति और नियति की बात करता है।
पिंड में ब्रह्मांड की बात करता है।
विश्व में ब्रह्म की बात करता है।
जीव में शिव की बात करता है।

पीएम नो कहा कि देश के लिए अमृत काल का विचार सिर्फ एक बड़े संकल्प के बारे में नहीं है बल्कि यह हमें अमरता और शाश्वतता का एहसास कराने वाली भारत की आध्यात्मिक प्रेरणा भी है. यह हमारा दूरदर्शी दृष्टिकोण है जो भारत को न केवल सबसे पुरानी जीवित सभ्यता बनाता है बल्कि मानवता के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल भी बनाता है.



नई दिल्ली। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में रविवार को भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 10 साल पहले देश में चारों तरफ निराशा व हताशा थी। यह मान लिया गया था कि इस देश का कुछ नहीं हो सकता। यह निराशा भारतीय संस्कृति के लिए भी परेशान करने वाली बात थी। इसलिए 2014 के बाद हमने भौतिक विकास के साथ ही सांस्कृतिक विरासत पर गर्व का संकल्प लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इसी तरह हमने अपनी धरोहरों को संभालना शुरू किया। हमने योग और आयुर्वेद की बात की। आज देश की नई पीढ़ी को यह विश्वास हो गया है कि हमारी पहचान हमारा स्वाभिमान है। जब राष्ट्र में स्वाभिमान का यह भाव जाग जाता है, तो उसे रोकना असंभव हो जाता है। भारत की प्रगति इसका प्रमाण है। भारत के लिए आधुनिकता शरीर है, आध्यात्मिकता उसकी आत्मा है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगर आधुनिकता से आध्यात्मिकता को निकाल दिया जाता है, तो अराजकता का जन्म होता है। आचरण में अगर त्याग नहीं है, तो बड़े से बड़ा विचार भी विसंगति बन जाता है। यही दृष्टि भगवान महावीर ने हमें सदियों पहले दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दशकों तक हमारे देश ने भ्रष्टाचार की त्रासदी को सहा है। हमने गरीबों की गहरी पीड़ा देखी है। आज देश उस मुकाम पर पहुंचा है कि हमने 25 करोड़ देशवासियों को गरीबी की दलदल से बाहर निकाला है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने भारत मंडपम में एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और मीनाक्षी लेखी भी मौजूद थीं।इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ष्मैं समस्त देशवासियों को महावीर जयंती के इस पवित्र अवसर पर शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर आज मुझे आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का स्मरण होना स्वाभाविक है। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ के चंद्रगिरी मंदिर में मुझे उनका सानिध्य मिला था। आज उनका भौतिक शरीर भले ही हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनका आशीर्वाद हमारे साथ है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यही समय है, जब हमें समाज में अहिंसा के आदर्शों को मजबूत करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं सभी संतो को भरोसा देता हूं कि देश इस दिशा में हर संभव प्रयास जारी रखेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भारत के भविष्य निर्माण की इस यात्रा में सभी संतों का सहयोग इसे मजबूत बनाएगा। प्रधानमंत्री से पहले जैन मुनियों और संतों ने लोगों को संबोधित किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं सभी पूज्य संतों को श्रद्धापूर्वक प्रणाम करता हूं, उनकी वाणी में एक प्रकार से मोती प्रकट हो रहा था। चाहे नारी सशक्तिकरण की बात हो, चाहे विकास यात्रा की बात हो, चाहे महान परंपरा की बात हो। पूज्य संतों ने मूलभूत आदर्शों को रखते हुए वर्तमान व्यवस्था में क्या हो रहा है, क्या होना चाहिए, इसे बहुत ही कम समय में अद्भुत तरीके से प्रस्तुत किया। मैं इसके लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं उनके एक–एक शब्द को आशीर्वाद मानता हूं, यह मेरे लिए बहुत बड़ी पूंजी है। उनका एक–एक शब्द हमारे लिए प्रेरणा है।

## इंडी गठबंधन का शक्ति प्रदर्शन रांची में, मंच पर नहीं दिखेंगे राहुल गांधी व उद्धव ठाकरे



नई दिल्ली। झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी इंडी गठबंधन का शक्ति प्रदर्शन आज होना है। इसके लिए विपक्षी नेताओं का जमावड़ा शुरू हो गया है। रांची के प्रभात तारा मैदान में इंडी गठबंधन की रैली आयोजित हो रही है। मंच पर लालू यादव, अखिलेश यादव, राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, भगवंत मान, मल्लिकार्जुन खड़गे, सुनीता केजरीवाल, उद्धव ठाकरे जैसे नेताओं के शामिल होने की सूचना थी। लेकिन, अब पता चल रहा है कि राहुल गांधी और उद्धव टाकरे इस शक्ति प्रदर्शन का हिस्सा नहीं होंगे। दरअसल राहुल गांधी के रैली में शामिल नहीं होने को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट डाला और लिखा है कि, राहुल गांधी आज सतना और रांची में चुनाव प्रचार के लिए पूरी तरह से तैयार थे, जहां इंडी गठबंधन की रैली हो रही है। लेकिन वह अचानक बीमार हो गए हैं और फिलहाल नई दिल्ली से बाहर नहीं जा सकते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अवश्य सतना में जनसभा को संबोधित करने के बाद रांची की रैली में शामिल होंगे।

इंडी गठबंधन की रांची में हो रही रैली को उलगुलान रैली नाम दिया गया है। वहीं बताया जा रहा है कि इस रैली को आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद भी संबोधित कर सकते हैं। रैली में 14 राजनीतिक दलों के नेताओं को एक साथ मंच साझा करने का कार्यक्रम है। इसमें कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस, समाजवादी पार्टी, राजद, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी–लेनिनवादी) प्रमुख हैं इसमें राहुल गांधी के वहां नहीं पहुंचने की खबर सामने आ गई है। इसके साथ ही रैली में मंच पर शिवसेना(यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे भी नहीं होंगे। इसके बारे में संजय राउत की तरफ से बताया गया कि श्उद्धव ठाकरे मुंबई से बाहर जा रहे हैं, राज्य में चुनाव प्रचार के चलते वह और हम वहां नहीं जा पा रहे हैं, लेकिन पार्टी की ओर से किसी न किसी को भेजा जाएगा।

## पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले झामुमो नेता ने मांगी माफी



साहिबगंज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता नजरूल इस्लाम ने माफी मांग ली है। उन्होंने सदर एसडीओ की कोर्ट में पेश होकर लिखित माफीनामा पेश किया। नजरूल के खिलाफ साहिबगंज नगर थाने में बीडीओ सुबोध कुमार ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने सहित अन्य मामलों में केस दर्ज कराया था।


इसके बाद एसडीओ कोर्ट ने उन्हें नोटिस भेजा था। नजरूल इस्लाम शनिवार को अपने समर्थकों के साथ नगर थाना पहुंचे और बयान दर्ज कराया। इसके बाद वह साहिबगंज सदर एसडीओ कोर्ट में हाजिर होकर लिखित रूप से अपना पक्ष रखा। नजरूल इस्लाम झामुमो की केंद्रीय कमेटी का सदस्य हैं। वह पार्टी के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर एक कार्यक्रम में उनके भाषण का वीडियो वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया था। वीडियो में वह पीएम नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे का जिक्र करते हुए कहते हैं, मैं आप लोगों से कहना चाहता हूं कि 400 सीट नहीं, 400 फिट के अंदर नरेंद्र मोदी को गाड़ दिया जाएगा। नजरूल के इस वीडियो को भाजपा के कई बड़े नेताओं ने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। विवाद बढ़ने पर नजरूल ने वीडियो जारी कर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था,मैं एक प्रोफेसर हूं, अच्छे–बुरे की परख है। यदि मेरे बातों से किसी को ठेस पहुंचा है, तो माफी मांगता हू। मेरा कहने का तात्पर्य था कि हम पीएम की गारंटी 400 के अंदर गांठ बांध देंगे। अब नजरूल इस्लाम ने एसडीओ कोर्ट में लिखित तौर पर कहा है कि उनके कहने का आशय ऐसा नहीं था, जैसा वीडियो में बताया गया है। इसके बावजूद वह अपने बयान पर खेद व्यक्त करते हैं।

## अमित शाह और उनकी पत्नी ने कुल संपत्ति का लगभग 60% शेयर बाजार में निवेश किया – इन कंपनियों में हैं निवेश

नई दिल्ली शनिवार को चुनाव आयोग के पास दिए गए हलफनामे के मुताबिक गृह मंत्री अमित शाह और उनकी पत्नी सोनल शाह द्वारा शेयर मार्केट में किए गए निवेश में पिछले पांच वर्षों में 15 अप्रैल 2024 तक 71 प्रतिशत की ठोस वृद्धि के साथ बढ़कर 37.4 करोड़ रुपये हो गई.यह उनकी कुल संपत्ति का 57 प्रतिशत बैठता है; बाकी की संपत्ति, बचत खाता जमा, म्यूचुअल फंड, सोना और राष्ट्रीय लघु बचत योजना जैसी योजनाओं में निवेश के रूप में है.शाह और उनकी पत्नी द्वारा किए गए इस निवेश में कोई स्पष्ट पैटर्न नहीं दिखता है, क्योंकि यह निवेश कई क्षेत्रों में फैली 242 कंपनियों में किया गया है. खास बात यह है कि सिर्फ 10 कंपनियां ही ऐसी हैं जिनमें 1 करोड़ से ज्यादा रुपयों का निवेश किया गया है. ये दंपती द्वारा सूचीबद्ध कंपनियों में किए गए कुल निवेश का 43 प्रतिशत है.

**ग्राफ़िक: प्रज्ञा घोष**

सोनल और अमित शाह के इक्विटी निवेश पर गहराई से नजर डालने से पता चलता है कि बैंकिंग और एफएमसीजी स्टॉक में उनकी विशेष रुचि है. सिर्फ दो बैंकों दृ केनरा बैंक (2.96 करोड़ रुपये) और करूर



वैश्य बैंक लिमिटेड (1.89 करोड़ रुपये) : ने अपने पूरे शेयर बाजार आवंटन का लगभग 13 प्रतिशत हिस्सा लिया. इसके अलावा, दोनों ने बंधन बैंक और भारतीय स्टेट बैंक और उसकी कुछ सहायक कंपनियों में भी छोटे निवेश किए.हलफनामे से पता चलता है कि कई एफएमसीजी बड़ी कंपनियां उन कंपनियों की सूची में शामिल हैं जिनमें दोनों ने मिलकर 1 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है. उदाहरण के लिए, उन्होंने प्रॉक्टर एंड गैंबल हाइजीन एंड हेल्थकेयर लिमिटेड में 1.9 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड में 1.35 करोड़ रुपये और कोलगेट–पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड में 1.07 करोड़ रुपये का निवेश किया. इन तीनों को मिलाकर उनने स्टॉक निवेश का लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा है. अन्य कंपनियां जहां उन्होंने 1 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया, वे हैं गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड (1.79 करोड़ रुपये), लक्ष्मी मशीन वर्क्स लिमिटेड (1.75 करोड़ रुपये), एमआरएफ लिमिटेड (1. 29 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल लिमिटेड (1.22 करोड़ रुपये), और सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड (1.05 करोड़ रुपये). कुल मिलाकर, शाह और उनकी पत्नी की कुल संपत्ति चल और अचल दोनों : 2019 में 40. 3 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 65.7 करोड़ रुपये हो गई, जो कि 63 प्रतिशत की वृद्धि है. दोनों के चल संपत्ति में निवेश के जरिए 82 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि उनकी अचल संपत्ति का मूल्य इन पांच वर्षों में केवल 36 प्रतिशत बढ़ा.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजस्थान में करेंगे प्रचार

नई दिल्ली,। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को राजस्थान के जालोर और बांसवाड़ा जिलों में एक–एक जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी दोपहर 1रू30 बजे जालोर और शाम 4 बजे बांसवाड़ा में जनसभा को संबोधित करेंगे।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सुबह 11 बजे पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में गोरखा स्टेडियम, लेबोंग में एक जनसभा को संबोधित करेंगे और बाद में शाम 4रू15 बजे असम के सिलचर में डीएसए स्टेडियम से अंबिकापट्टी प्वाइंट तक रोड शो करेंगे।

देश भर में आज होने वाले प्रमुख राजनीतिक घटनाक्रम...

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सुबह 11:40 बजे महाराष्ट्र के बुलढाना में सहकार विद्या मंदिर इंग्लिश स्कूल एंड कॉलेज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे और शाम 4:40 बजे कर्नाटक के धारवाड़ में सकरे स्कूल ग्राउंड, विद्यानगर (हुबली) में एक अन्य सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पश्चिम बंगाल में दोपहर 12:55 बजे मुर्शिदाबाद, दोपहर 2:40 बजे मालदा पूर्व और शाम 4रू40 बजे दार्जिलिंग में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा छत्तीसगढ़ में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगी।



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव दोपहर दो बजे रांची के धुरुआ स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में भाग लेंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी एमपी और झारखंड में जनसभा को संबोधित करेंगे।

राहुल गांधी सुबह 11 बजे मध्य प्रदेश के सतना में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान उनके साथ प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जीतू पटवारी होंगे।

झारखंड के रांची में एक मेगा इंडिया गठबंधन की रैली होगी। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, शिवसेना ( यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी, टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन आदि होंगे। विपक्षी गठबंधन की इस रैली की मुख्य मेजबान झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन होंगी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा सांसद मनोज तिवारी संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में पार्टी उम्मीदवार अतुल गर्ग के लिए प्रचार करेंगे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 1 बजे छत्तीसगढ़ के कोरबा में सीएसईवी फुटबॉल ग्राउंड में एक रैली को संबोधित करेंगे।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती पार्टी प्रत्याशी चौधरी मुजाहिद हुसैन के लिए प्रचार करते हुए सुबह 10 बजे उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक जनसभा को संबोधित करेंगी। इसके बाद वह दोपहर 2 बजे गाजियाबाद जिले के कविनगर रामलीला मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगी।

## राहुल गांधी की तबीयत बिगड़ी, सतना दौरा रद्द



भोपाल। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की तबीयत बिगड़ने के कारण उनका मध्य प्रदेश का सतना दौरा रद्द हो गया है। उनके स्थान पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सतना का दौरा करेंगे। कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा, राहुल गांधी अस्वस्थ होने के कारण आज सतना नहीं आ पा रहे हैं! ऐसी स्थिति में उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सतना जाने के लिए अनुरोध किया। जीतू पटवारी ने आगे लिखा है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सतना में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी सिद्धार्थ कुशवाहा के समर्थन में होने वाली सभा में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर ली। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने बताया है कि राहुल गांधी के जल्दी ही राज्य में कार्यक्रम होंगे और वह जनता से रूबरू होंगे। गौरतलब है कि राहुल गांधी रविवार को मध्य प्रदेश के सतना में कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा करने वाले थे।

### तुष्टिकरण में बंगाल से आगे निकलना चाहती है कर्नाटक सरकार: गिरिराज सिंह

बेगूसराय। कर्नाटक में कॉलेज कैंपस में हिंदू छात्रा की मुस्लिम युवक द्वारा चाकू से हत्या मामले में सियायत गर्मा गई है। इस मामले को लेकर बेगूसराय के सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का बड़ा बयान सामने आया है फैयाज नाम के मुस्लिम युवक द्वारा हिंदू लड़की को चाकू से गोदने की घटना को लेकर गिरिराज सिंह ने कहा कि कर्नाटक सरकार बंगाल से आगे निकलना चाहती है। कर्नाटक में तुष्टिकरण की शुरुआत हो गई है। हर लोग बंगाल का नकल कर रहे हैं, कर्नाटक सरकार बंगाल से बढ़ना चाहती है। तुष्टीकरण के कारण ही उन लड़कियों को चाकू से गोद दिया, वहां की सरकार मूकदर्शक बनी है। ममता बनर्जी के राज्य में यह सब होते रहा है, अब कर्नाटक बंगाल से बढ़ना चाहता है, जिसे देश बर्दाश्त नहीं करेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा लालू यादव के परिवारवाद पर सवाल उठाने के सवाल पर गिरिराज सिंह ने कहा कि नीतीश जी लालू जी के छोटे भाई हैं और राज्य के मुख्यमंत्री हैं। लालू जी पूर्व मुख्यमंत्री थे, अब तो इस नसीहत पर लालू जी चाह कर भी कुछ नहीं कर सकते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कानून जरूरी है। तेजस्वी यादव के बयान कि हम कलम बांटते हैं और भाजपा वाले तलवार बाटते हैं पर गिरिराज सिंह ने हमला बोला। उन्होंने कहा कि सब लोग जानते हैं तेजस्वी यादव के चरवाहा विद्यालय में क्या बांटा गया। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास और विरासत को लेकर चलती है। हमारी विरासत शिक्षा से भरी हुई है, इसलिए मुझे उनसे ज्ञान लेने की जरूरत जरूरत नहीं है, वह ज्ञान ना दें।

### कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष के ख़िलाफ़ सार्वजनिक शांति भंग करने के आरोप में मामला दर्ज

नई दिल्ली: चुनाव आयोग ने बताया है कि उसने कांग्रेस की एक शिकायत के आधार पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ सोशल मीडिया पर एक अपमानजनक पोस्ट करने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है. इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, शनिवार को एक अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस की एक शिकायत के आधार पर चुनाव आयोग द्वारा कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज कराई गई है. शिकायत में आरोप लगाया गया था कि विजयेंद्र ने सोशल मीडिया पर एक अपमानजनक पोस्ट किया है, जिससे सार्वजनिक शांति भंग हुई है. शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कर्नाटक के मुख्य



निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने कहा कि 19 अप्रैल को कर्नाटक भाजपा के आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक अपमानजनक पोस्ट किया गया था, जिसके संबंध में विजयेंद्र के खिलाफ बेंगलुरु की फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) द्वारा एफआईआर दर्ज की गई है. उन्होंने कहा कि सार्वजनिक शांति भंग करने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मल्लेश्वरम पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई है. गौरतलब है कि एक्स पर अपने इस पोस्ट में भाजपा ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ टिप्पणी की थी. पोस्ट में पार्टी को निशाना बनाने वाले टैग भी शामिल थे

# हाईस्कूल में खुशी और आयुष ने संयुक्त रूप से हासिल किया प्रथम स्थान

## दूसरे पर श्रेया और तीसरे पर पहुंचे अनमोल व शिखा

सुलतानपुर(आरएनएस)। यूपी बोर्ड परीक्षा का शनिवार को परिणाम आ गया। जिले में खुशी मिश्रा और आयुष बरनवाल ने संयुक्त रूप से हाईस्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है। वही श्रेया पाठक ने दूसरा और तीसरे स्थान पर अनमोल मौर्या और शिखा दुबे रही हैं।

खुशी मिश्रा के पिता मनोज कुमार मिश्रा दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं। जबकि माता गृहणी हैं। वो तीन भाई बहन में सबसे बड़ी है। खुशी ने बताया कि उसने कोचिंग के साथ–साथ वो घर पर भी पढ़ाई करती थी। कॉलेज प्रबंधक श्रवण मिश्रा और विधायक राजेश गौतम ने खुशी मिश्रा को बधाई दी है। दूसरे स्थान पर आयुष बरनवाल निवासी पाण्डेयबाबा (बढ़ौनाडीह) ने हाईस्कूल में 97 अंक हासिल किया है। वही सुभाषिनी मिश्रा पुत्री श्रीपति मिश्र निवासी ग्राम मोहम्मदाबाद ने सरस्वती विद्या मंदिर झारखंड कादीपुर से हाईस्कूल में 90.2 परसेंट अंक हासिल किए हैं। पिता किराने की दुकान करते हैं और बड़ा भाई मोतीलाल नेहरू से ड.जमबी कर रहा है बड़ी बहन डाइट से बीटीसी कर रही है। वही नेहा तिवारी पुत्री चंद्र प्रकाश तिवारी ने हाईस्कूल में 89 अंक प्राप्त कर घर परिवार का मान बढ़ाया है। आपको बता दें कि जिले में हाईस्कूल में कुल 43266 पंजीकृत हुए थे। इसमें 40927 परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 35335 स्टूडेंट उत्तीर्ण हुए हैं। जिले का रिजल्ट 86.34 है और प्रदेश में जिले ने 63 वां मिला है।



# वरिष्ठ सहायक क्षयरोगी को हर माह देते है पौष्टिक आहार किट




संवाददाता।

सुल्तानपुर(आरएनएस)। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में पिछले तीन वर्षों से तैनात वरिष्ठ सहायक विजय राय सिर्फ सरकारी कर्मी ही नही एक अच्छे समाजसेवी भी है।जन सहयोग या फिर समाजसेवा का मौका मिले तो विजय बाबू छोड़ते नहीं, जिले में बड़े–बड़े व्यवसायी खुद को अच्छा समाजसेवी साबित करने की होड़ में काफी कुछ करते रहते है, परंतु जब सही समाज सेवा की बारी आती है, तो जरूरतमंद नजरअंदाज कर दिए जाते है। लेकिन इसी समाज के बीच से एक सरकारी मुलाजिम ने समाज में ऐसे लोगों की तलाश करता रहता है,जिसे वाकई में मदद की जरूरत है। हम बात कर रहे है मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में वरि.सहायक विजय राय की। राय बाबू को अक्सर देखा जाता है किसी को भोजन करवाते तो किसी अंजान को गंतव्य तक का किराया देते और अपने आफिस में भी आने वालो व सहकर्मियों के भी सहयोग में हमेशा तत्पर रहते है। विजय राय ने पिछले तीन माह पहले एक क्षयरोग से ग्रसित अति गरीब बच्ची को गोद लिया था, तबसे लगातार उस बच्ची को हर माह श्री राय बाबू के द्वारा पौष्टिक आहार किट निरंतर दिया जा रहा है। श्री राय ने बताया कि मैने तीन माह पहले उस बच्ची को टीबी अस्पताल में देखा था, मैने उसी दिन फैसला किया कि बच्ची के खान–पान की व्यवस्था अच्छे से हो तो उसे स्वास्थ्य लाभ शीघ्र मिल सकता है,उसी दिन मैने उस बच्ची को गोद ले लिया और जो मुझसे थोड़ा–बहुत सहयोग हो सकता है। मै करता हूं, उसी क्रम में आज बच्ची टीबी हास्पिटल दवा लेने आई थी, वही मैने उसे आहार किट दिया। आहार किट देते समय अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डां.जेसी सरोज, वरि.उपचार पर्यवेक्षक सुरेश कुमार, वरि.टीबी लैब पर्यवेक्षक केके तिवारी सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

# चर्चित विजय नारायण हत्याकांड में करणी सेना की एंट्री, पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल

सुलतानपुर(आरएनएस) चर्चित विजय नारायण सिंह हत्याकांड करणी सेवा भारत की एंट्री हो गई है। आज विजय की 13वीं के दिन करणी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू सिंह ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए। श्री सिंह ने कहा कि इस मामले में एक अज्ञात समेत 6 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है, लेकिन अभी तक केवल एक गिरफ्तारी हुई है। जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरेशाम शहर में हुई हत्या के बावजूद किसी भी पुलिसकर्मी पर कोई कार्रवाई नहीं की हुई। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कर आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी की जाए। जिले के पुलिस पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यहां योगी जी की जीरो टॉलरेंस नीति फेल हो रही है। पुलिस पर तंज करते हुए उन्होंने कहा कि अगर पुलिस अपराधियों को नहीं हमसे कहे हम खोज कर लायेंगे। श्री सिंह ने अप्रत्यक्ष रूप से आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि न्याय नहीं हुआ और परिवार ने कहा तो तो यहां पूरे देश के लोग जमा हो जाएंगे। विदित हो कि बीते 7 अप्रैल को शहर के दरियापुर तिराहे पर सारे शाम विजय नारायण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में चर्चित डॉक्टर घनश्याम हत्याकांड से जोड़ते हुए मृतक के भाई सतीश नारायण सिंह ने मृतक चिकित्सक की पत्नी समेत अन्य छे आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया था। मृतक विजय डॉक्टर घनश्याम हत्याकांड में सह अभियुक्त था। पुलिस ने 9 अप्रैल को मुख्य आरोपी बताएं जा रहे अजय सिंह सिरवारा को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया था।अब बाकी आरोपियों को की गिरफ्तारी को लेकर करणी सेना के रुख से मामले में नया मोड़ आ गया है।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस )। खण्डासा थाना क्षेत्र स्थित संत भीख दास आश्रम मंदिर परिसर में पीपल के पेड़ की डाल से रस्सी के सहारे एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला है। युवक का शव रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मंदिर जाने वाले लोगों को सुबह दिखा। युवक के पीठ पर बैग भी टंगा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पेड़ से शव नीचे उतरवाकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक के मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।प्राप्त जानकारी के अनुसार खण्डासा थाना क्षेत्र के संत भीखा दास तपोस्थली परिसर स्थित पीपल के पेड़ की डाल से संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक पीठ पर बैग टंगे हुए रस्सी के सहारे फंदे से लटका हुआ था। शनिवार को सुबह ग्रामीण पूजा अर्चन के लिए मंदिर जा रहे थे तभी पेड़ से लटके युवक पर उनकी निगाह पड़ी और भयभीत हो गए। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में पहुंच गए और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष खण्डासा विवेक सिंह, चौकी प्रभारी प्रभारी सुधीर त्रिपाठी, उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार पुलिस कर्मियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पेड़ से लटके युवक के शव को नीचे उतरवाकर बैग की जब तलाशी ली तब युवक का आधार कार्ड निला।

# एआरटीओ सहित पांच के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस ) इनायत नगर थाना क्षेत्र के अहरन सुवंश गांव निवासी किसान का ट्रैक्टर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर तीसरे पक्ष के नाम हस्तांतरित किए जाने के मामले में एआरटीओ अयोध्या सहित कार्यालय के लिपिक एवं सरदार ऑटो मोबाइल्स अयोध्या के प्रोपराइटर सहित पांच लोग बुरे फंस गए हैं। पीड़ित कृषक की तहरीर पर इनायत नगर पुलिस ने एआरटीओ अयोध्या राजेश प्रताप सिंह एवं आयशर ट्रैक्टर कंपनी के प्रोपराइटर सरदार गुर सेवक सिंह और आरटीओ कार्यालय के लिपिक सहित पांच के खिलाफ धोखाधड़ी की गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस अभी मामले में किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनायत नगर थाना क्षेत्र के अहरन सुबंश गांव निवासी राम बहादुर पुत्र यदुनाथ का आरोप है कि उसके पास आयशर ट्रैक्टर यूपी 42 एफ 9782 था। वह दिल

# संजय गाँधी अस्पताल के चिकित्सकों को मिली जमानत

सुलतानपुर। अमेठी के संजय गाँधी अस्पताल के तीन चिकित्सकों को मजिस्ट्रेट न्यायालय से जमानत मिल गई. इन पर इलाज में लापरवाही से मरीज की मौत होने का आरोप है. जिसके बाद शासन ने अस्पताल को सीज कर दिया था जो बाद में न्यायालय के आदेश पर फिर संचालित हो रहा है। मुसाफिरखाना कोतवाली रामशाहपुर निवासी अनुज शुक्ल ने 17 सितम्बर 23 को मुंशीगंज थाने में एफआईआर लिखाई थी। आरोप लगाया कि संजय गाँधी अस्पताल के चिकित्सकों डॉ अवधेश शर्मा डॉ उज्जैर अब्दुल्ला व डॉ शुभम द्विवेदी ने दिव्या शुक्ला का पथरी का ऑपरेशन 15 सितम्बर 23 को किया था। उनकी लापरवाही व बेहोशी के ओवरडोज से उनकी पत्नी का निधन हो गया। तीनो चिकित्सकों ने अधिवक्ता सत्येंद्र शुक्ला के माध्यम से न्यायालय में आत्मसमर्पण किया. उनके तर्को पर मजिस्ट्रेट अविनाश चंद्र गौतम ने बीस हजार की जमानत व मुचलके पर रिहा कर दिया।

# शत–प्रतिशत रहा झारखण्ड विद्यामंदिर का परिणाम

सुलतानपुर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर की बहन वैष्णवी सिंह ने हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 96.17 अंक प्राप्त कर जिले में पांचवा स्थान प्राप्त किए। विद्या भारती से संबंध ा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर सुल्तानपुर में यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 हाई स्कूल में घोषित परिणाम में वैष्णवी सिंह ने 96.17 अंक प्राप्त करके जिले में पांचवां स्थान बनाया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने भैया बहनों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह बच्चे विद्यालय के गौरव हैं इसी क्रम में वैष्णवी सिंह ने 96.17,सौम्य मिश्र 94.83, सचिन कुमार यादव 94.83,खुशी त्रिपाठी 94, उत्कर्ष यादव 93.83,शैलजा 93.66, निखिल यादव 93.16, अंशुमान मिश्र 93.16, अनुश्री दूवे 92.33, अश्विनी पान्डेय 91.83, आदित्य सिंह 91.83,हाई स्कूल में कुल 569 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए थे। इसी क्रम में इंटरमीडिएट में 449 छात्र–छात्राएं परीक्षा में बैठे थे जिसमें आस्था सिंह 91.6,अनुराग गुप्ता 91.6,आर्या मिश्रा 91.2, आर्या राय 90.4 अखिल कुमार 89.4, अभिवन सिंह 88.6 पवन त्रिपाठी 88.2, मो० साजिद 88.2, आकांक्षा मिश्रा 87.8, वेदान्त सिंह 86.8,खुशी अग्रहरि 86.4 अंक प्राप्त करके विद्यालय की पहचान बनाई है।मेधावी छात्र छात्राओं का माल्यार्पण कर तथा मिष्ठान खिलाकर प्रधानाचार्य अवधेश मिश्र ने सभी भैया बहनों को सम्मानित किया और कहा कि विद्यालय की पहचान भूमि भवन से नहीं बल्कि इन्हीं मेधावी छात्र–छात्रों से होती है, यह मेधावी छात्र माता–पिता विद्यालय प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे परीक्षा परिणाम घोषित होने पर सभी भैया बहनों के अभिभावक एवं सभी आचार्य बंधु विद्यालय में मौजूद रहे।

# मोस्ट ने प्रदेश में पीडीए प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प पत्र सौंपा



सुलतानपुर६लखनऊ (आरएनएस)। मोस्ट कल्याण संस्थान के पदाधिकारी जिसमें मोस्ट संरक्षक भारत राम (से.नि. ए.डी.ओ), मोस्ट संरक्षक पूर्व विधायक सफदर रजा खां, मोस्ट निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद "गुरुजी", प्रदेश संयोजक रामानंद बौद्ध, प्रदेश प्रमुख जीशान अहमद एवं जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव (रिटायर्ड नेवी आफिसर) आदि समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में इसौली विधायक मो. ताहिर खां की उपस्थिति में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल से मुलाकात कर आगामी लोकसभा चुनाव में पीडीए प्रत्याशियों का सहयोग व समर्थन पत्र सौंपा। उल्लेखनीय है कि बीते 24 मार्च, 2024 को मोस्ट कल्याण संस्थान के पदाधिकारियों की मीटिंग की गई। मीटिंग में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मोस्ट समाज (पीडीए) को अधिकाधिक टिकट देने पर आभार व्यक्त किया गया था और आशा व्यक्त की गई कि देश भारत में एक समान शिक्षा, ओबीसी जनगणना, पुरानी पेंशन बहाली, संविधान के भाग तीन व भाग चार में उल्लिखित उपबन्धों का पालन सुनिश्चित कराने की दिशा में पीडीए सांसद काम करेंगे। मीटिंग में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए आगामी लोक सभा चुनाव में मोस्ट, पी.डी.ए. प्रत्याशियों का तन–मन–धन से समर्थन और सहयोग करेगा। इसी क्रम में मोस्ट प्रदेश संयोजक रामानंद बौद्ध एवं निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद "गुरुजी" को निर्देशित किया गया कि अपनी गाड़ी व अपने खर्चे से कॉलेज समय के अतिरिक्त मोस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ प्रदेश में पी.डी.ए. प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में लगे रहेंगे। सुलतानपुर में सपा के पीडीए प्रत्याशी को मोस्ट द्वारा 10 मई 2024 तक दो लाख रूपए से अधिक का आर्थिक सहयोग, 11 मई से चुनाव सम्पन्न होने तक कम से कम दो फोर व्हीलर गाड़ी प्रचार में लगाया जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

लंभुआ/सुल्तानपुर (आरएनएस)। बाइक से घर जा रहे युवकों को रास्ते में अज्ञात बहन ने जोरदार टक्कर मार दी। एक युवक की दुर्घटना स्थल पर मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि फरार वाहन की तलाश की जा रही है। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के चौकिया निवासी हरीलाल का 22 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार गांव के ही रवि कुमार पुत्र चेतू राम के साथ गुरुवार की शाम बाइक से लंभुआ बाजार से घर जा रहा था। चौकिया गांव के निकट चौबेपुर मोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे मुकेश की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई तथा रवि कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

# ग्रामीण क्षेत्र के होनहारों ने लहराया परचम

–यूपी बोर्ड की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के होनहार बालक व बालिकाओं ने अपना परचम लहराया है। शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर में स्थित बलदेव विद्यापीठ इंटर कॉलेज सेवरा के छात्र पियूष कौशल ने हाई स्कूल की परीक्षा में 97.33 अंक के साथ प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। पीयूष ने 600 अंकों में से 584 अंक प्राप्त किए। पीयूष कौशल के पिता रामबाबू कुचेरा बाजार में ही छोटी सी फुटवियर की दुकान चलाते हैं। परिणाम को देखते ही माता पुष्पा कौशल और पिता रामबाबू के आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। परिणाम को सुनने के बाद क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों ने छात्र पियूष के आवास पर पहुंचकर मुंह मीठा करा कर दुनिया में नाम रोशन करने की अग्रिम बधाई दी,वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार का कहना है कि बच्चा पढ़ने में शुरू से ही होनहार था और अध्यापकों की मेहनत और बच्चे की सीखने की ललक ने उसे इस मुकाम पर पहुंचाया है जिस पर पूरा विद्यालय परिवार गर्व कर रहा है।

शाहगंज चौकी क्षेत्र में स्थित रामेश्वर प्रसाद सत्यनारायण इंटर कॉलेज की छात्रा गोल्डी यादव ने दसवीं में 91 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। मिल्कीपुर क्षेत्र के ही श्री चंद्रभान गुप्त इंटर कॉलेज के हाईस्कूल में कई छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया जिसमें नैना यादव ने हाई स्कूल में 93.10 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया जबकि दूसरे नंबर पर सृष्टि वर्मा 93 प्रतिशत व 90.33 अंकों के साथ सोनम कौशल तीसरे स्थान पर रही । वही इंटरमीडिएट में कीर्ति मिश्रा 88.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टॉपर रही जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर रिमझिम द्विवेदी व रितिका रही इसी तरह चौथे व पांचवें स्थान पर आराध्या व माधुरी क्रमशः 84 व 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। श्री चंद्रभान गुप्त इंटर कॉलेज के प्रबंधक श्री गोपाल जी गुप्ता ने सभी छात्र व छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। श्री गोपाल जी गुप्ता ने बताया कि हमारा विद्यालय हमेशा से ही सभी छात्र व छात्राओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है

# जिले के सात मेधावियों ने टाप 10 में हासिल किया स्थान

अयोध्या(आरएनएस )। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के शनिवार को घोषित परिणाम में हाईस्कूल के प्रदेश के टॉप 10 में अयोध्या के सात मेधावियों ने स्थान हासिल किया है। प्रदेश में सातवां स्थान पाने वाले में तीन छात्र शामिल हैं जिनमें सेवरा के बलदेव इंटर कॉलेज के पीयूष, उरुर अमौना देवा इंटर कॉलेज के आनंद कुमार और सिलौनी मया के नंद किशोर स्मारक इंटर कॉलेज के तरुण तिवारी शामिल हैं। इसके अलावा प्रदेश में नौवां स्थान कनौसा गर्ल्स इंटर कॉलेज की सिद्धि श्रीवास्तव और रामपुर भगन के वीनस इंटर कॉलेज की शालिनी यादव ने हासिल किया है। महादेवगंज गोयड़ी की दीपाजलि व रामपुर भगन के डायमंड इंटर कॉलेज के अवनीश प्रताप ने दसवां स्थान हासिल कर जनपद का मान बढ़ाया है। वहीं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के शनिवार को घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में एसएसवी इंटर कॉलेज के दो छात्रों ने जिले की मेरिट सूची में अपना स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन कर दिया है। इंटर के परीक्षा परिणाम की सूची में विद्यालय के छात्र अनुपम जायसवाल और अनुराग भट्ट ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने इंटर की परीक्षा में 95 फीसदी अंक प्राप्त करने के साथ जिले की मेरिट सूची में छठा स्थान पाने वाले अनुपम जायसवाल और उनके पिता शिक्षक सुशील जायसवाल को विद्यालय में मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जिले की मेरिट सूची में सातवां स्थान पाने वाले अनुराग भट्ट को भी शुभकामनाएं दीं और उज्जवल भविष्य की बधाई दी। प्रधानाचार्य डॉ. तिवारी ने बताया कि विद्यालय के 366 छात्रों ने हाई स्कूल की जबकि 361 छात्रों ने इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत है। इस दौरान डॉ तिवारी ने कहा कि होनहार विद्यार्थी अलग होते हैं उनकी प्रतिभा से ही विद्यालय गौरवान्वित होता है। विद्यार्थियों का हौसला अफजाई करने के दौरान विद्यालय के शिक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार मिश्रा, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, शशांक मिश्रा, शैलेंद्र सागर मिश्र और विवेकानंद पाण्डेय सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। छात्रों ने खुशी में एक दूसरे को कंधों पर उठाया और मिठाई खिलाकर व गले मिलकर बधाई दी। निराला नगर स्थित ओपीएस विद्यालय में का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय में अंशुमन यादव ने 95. 33 अंक प्राप्त कर विद्यालय के प्रथम रहे इसी तरह आर्यन चौहान अंजू यादव अनुष्का मौर्य गुंजन मिश्रा नैंसी यादव अनुष्का रावत मानसी अभिनव वर्मा इंटरमीडिएट में विद्यालय का भी रिजल्ट शत प्रतिशत रहा विद्यालय में समरेंद्र यादव 90.8 जानशी श्वेता वर्मा अलका यादव श्रेयांश यादव निमिषा मौर्य आदि बच्चे सफल हुए।

# अयोध्या में पहली बार 4डी मंदिर से "लक्ष्मी-नारायण" के दर्शन का अवसर

अयोध्या(आरएनएस )। प्रभु श्री राम की पावन नगरी आयोध्या में पहली बार ऐसी धार्मिक स्थापना हुई है जिसने आराधना और पारलौकिक अनुभव को एक नई गतिशीलता प्रदान की है। कलर्स टीवी चौनल ने अपने दर्शकों को 'लक्ष्मी नारायण' के दिव्य दर्शन देने के लिए राम की पैड़ी घाट पर एक नवीन और बहु–आयामी 4डी एंगेजमेंट मंदिर की स्थापना की है, ताकि लोगों को भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के अद्भुत दर्शन का विविध अनुभव प्राप्त हो सके। इस अद्भुत 4डी मंदिर की स्थापना के बाद, अयोध्या आने वाले तीर्थयात्रियों और प्रयात्रियों को पहली बार भगवान लक्ष्मी–नारायण के अनोखे दर्शन करने का अनुभव मिलेगा। इस मनमोहक मंदिर के रूप में, एक विशाल 12 फीट का 4डी लक्ष्मी नारायण मंदिर निर्मित किया गया है और दर्शक इसका आनंद 20 अप्रैल से 23 अप्रैल तक केवल राम की पैड़ी घाट पर उठा सकते हैं। इस बात पर दृढ़ विश्वास रखते हुए कि "हर घर में लक्ष्मी नारायण का वास है", कलर्स का आगामी पौराणिक शो 'लक्ष्मी नारायण' 22 अप्रैल से सोमवार से शुक्रवार तक रात 10 बजे प्रसारित होगा, और यह अपने दर्शकों को सुख, सामर्थ्य और संतुलन का खजाना हासिल करने की कुंजी प्रदान करेगा, तथा उन्हें अपने घरों में समृद्धि का स्वागत करने के लिए प्रेरित करेगा। शो दर्शकों को 'लक्ष्मी' और 'नारायण' के दिव्य अवतार की यात्रा से रूबरू कराएगा, जिसमें उन्हें उनकी अनसुनी कथाओं के दर्शन होंगे, जहां वे स्वयं परमेश्वर होने के बावजूद समकालीन चुनौतियों और आकांक्षाओं से गुजरते हैं, जिससे दर्शकों को आज की आधुनिक दुनिया के लिए प्रासंगिक अनुभव प्राप्त होगा। भव्यता का परिचायक बनने वाले सेट डिजाइन और श्रेष्ठ वी.एफ.एक्स के साथ, इस शो में श्रीकांत द्विवेदी और शिव्या पठानिया क्रमशः भगवान नारायण और देवी लक्ष्मी की भूमिका में हैं।बहुत से लोगों के लिए, अयोध्या की यात्रा एक आनंदमय अनुभव होती है। इस विशेष दिन पर, कई लोगो ने अपने धार्मिक समूहों के साथ लक्ष्मी नारायण के 4क् मंदिर का अनुभव लिया । एडी डांस एकेडमी ने एक विशेष धार्मिक नृत्य प्रस्तुत किया, और अयोध्या के पुलिस अधिकारी भी लक्ष्मी नारायण का विशेष दर्शन किया। आयोध्या के निवासियों के लिए यह एक बहुत बड़ी खुशी की बात है कि उनकी धरती पर ऐसी एक विशिष्ट स्थापना हुई है जो धार्मिक परंपरा के साथ–साथ आधुनिक तकनीकों का भी उपयोग करती है। यह स्थान न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का संरक्षण करेगा, बल्कि नवीन आरामदायक तरीकों से पवित्र अनुभव भी प्रदान करेगा।

# सड़क दुर्घटना में सपा घनश्याम त्रिपाठी घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

अयोध्या(आरएनएस )। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम आदिलपुर निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय वीपत तिवारी के पौत्र वरिष्ठ सपा नेता पूर्व प्रधान घनश्याम त्रिपाठी मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बेहोशी हालत में उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति गंभीर बताते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है उनके भतीजे राकेश त्रिपाठी ने बताया कि दोपहर करीब 11 बजे उनके चाचा घनश्याम त्रिपाठी बाइक से रेवतीगंज बाजार से आदिलपुर अपने घर जा रहे थे। गांव के पास पहुंचते ही भौनी के पुरवा मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई जिसके कारण उनके नाक और मुंह से खून गिरने से वह बेहोश हो गए

जानकारी होने पर आनन–फानन में उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें होश में लाने और मुंह में जमे खून के थक्के साफ करने का प्रयास किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उनकी स्थिति गंभीर बताते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए उन्हें रेफर कर दिया है बताया गया कि रात में उन्हें पतली दस्त भी हुई थी। लोग अंदेशा व्यक्त कर रहे हैं कि गर्मी बढ़ने और कमजोरी की वजह से वह गश खाकर बाइक से मार्ग के किनारे गड्ढे में गिर गए। चोटिल सपा नेता को उनके बड़े भाई पूर्व राजस्व निरीक्षक राधेश्याम तिवारी लखनऊ इलाज के लिए लेकर गए हैं।

# तीन ग्राम प्रधान सहित सैंकड़ो ने थामा भाजपा का दामन

अयोध्या(आरएनएस )। भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर लगातार पार्टी में शामिल होनें वालों का सिलसिला जारी है शनिवार को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के तीन ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्य सहित सैकड़ों लोगों ने पार्टी की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की। लोकसभा चुनाव कार्यालय पर सांसद लल्लू सिंह, लोक सभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह पार्टी का ध्वज देकर माल्यार्पण तथा भगवा अंग वस्त्र पहना कर पार्टी में स्वागत किया।

# उदयपुर शैक्षणिक पर्यटन संपन्न

ब्यूरो चीफ हर्ष बंसल मथुरा

मथुरा ।अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की 52 सदस्यीय छात्राओं का एक दल तीन दिवसीय शैक्षिक पर्यटन में उदयपुर भ्रमण करके वापस लौटा।कॉलेज के इतिहास विभाग द्वारा प्रवक्ता मांडवी राठौर के नेतृत्व में आयोजित इस पर्यटन में छात्राओं ने विभिन्न ऐतिहासिक प्रोजेक्ट कार्य संपन्न करने के लिए ग्लोबल हिस्ट्री फोरम के संस्थापक अध्यक्ष एवं इतिहासकार डॉ जी एल मेनारिया एवं विद्या भवन उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान के भू पू प्राचार्य,वरिष्ठ शिक्षाविद डी एन दानी से राजस्थान के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों के बारे में मुख्य अनुसंधानों का मार्गदर्शन प्राप्त किया। भारत का वेनिस और झीलों की नगरी उदयपुर में छात्राओं ने सिटी पैलेस, सहेलियों की बाड़ी,फतेह सागर झील,मोती मंगरी, करणी माता मंदिर,गुलाब बाग ,भारतीय लोक कला मंडल, सुखाडिया सर्कल, शिल्पग्राम आदि देखा। अपनी संगमरमर की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध रणकपुर मंदिर को देखकर छात्राएं अचंभित हो गई ।छात्राओं ने राणा प्रताप की जन्मस्थली कुंभलगढ़ दुर्ग भी देखा जिसकी दीवार विश्व में चीन के बाद सबसे बड़ी




दीवार है ।

प्रवक्ता मांडवी राठौर निरंतर ही छात्राओं को राजस्थान के इन ऐतिहासिक स्थलों पर प्रोजेक्ट कार्य हेतु विविध जानकारी देती रही। राजस्थान के विभिन्न सांस्कृतिक ऐतिहासिक और धार्मिक स्वरूपों को समझने के लिए छात्राओं ने एकलिंग महाराज मंदिर एवम श्रीनाथजी मंदिर,नाथद्वारा के दर्शन किए ।यात्रा के अंत में छात्राओं ने हल्दीघाटी का म्यूजियम एवं हल्दीघाटी युद्ध का मैदान रक्त तलाई देखा। शैक्षिक पर्यटन का संचालन करने में श्री दामोदर घोष मनोज राठौर एवं मुरली ने विशेष भूमिका निभाई। प्राचार्य डॉ अनिल वाजपेई ने इस सफल ऐतिहासिक पर्यटन के लिए सभी को बधाई दी और कहा कि भारत की समृद्ध विरासत को बिना देखे ,अनुभव नहीं किया जा सकता।

# शादी को आसान बनाने एवं मस्जिद में निकाह कराने को लेकर मुस्लिम वेल्फ़ेयर सोसायटी का जन-अंदोलन जारी

अहमद राजा, ख़ालिद इस्लाम

लखनऊ 21 अप्रैल रविवार ,मुस्लिम वेल्फ़ेयर सोसायटी की जानिब से शादी को आसान बनाने एवं मस्जिद में निकाह कराने को लेकर पिछले पाँच वर्षो से चलाये जा रहे हैं अभियान ने रंग लाना शुरू कर दिया है ।सोशल वेल्फ़ेयर एवं कल्चरल एक्टीवीज़ कमेटी लखनऊ के चेयरमैन जनाब ख़ालिद इस्लाम एवं सेक्रेट्री जनाब मुर्तज़ा अली ने संयुक्त रूप से बताया कि मुस्लिम वेल्फ़ेयर सोसायटी की कोशिश है कि शादी को आसान बनाने हेतु मस्जिद में सादगी के साथ निकाह कराया जाये सोशल वेल्फ़ेयर एवं कल्चरल एक्टीवीज़ कमेटी लखनऊ के तत्वावधान में पूरी टीम द्वारा लोगों के बीच जागरूकता अभियान चला रही है जिसका परिणाम यह हुआ कि बड़ी तादाद में लोग मस्जिद में निकाह कर रहे हैं । जनाब मुर्तज़ा अली ने बताया कि इस बार मुस्लिम वेल्फ़ेयर सोसायटी की जानिब से कराये जा रहे सामूहिक निकाह में छः जोड़े मंतशा पुत्री रईस अहमद निवासी खदरा,शहबाज़ पुत्र सईद अहमद निवासी कैम्पल रोड, सानिया पुत्री लियाकत अली निवासी सआदत गंज,आफ़ताब पुत्र मुख़्तार अहमद निवासी भवानी गंज, रुखसार पुत्री शारिक़ निवासी मोअज़्ज़म नगर, मुहम्मद शावेज़ पुत्र शाकिर निवासी आदर्श नगर ,फ़रहीन पुत्री मुहम्मद इलियास निवासी मंसूर नगर, मुहम्मद अमजद सिद्दीक़ी पुत्र मुहम्मद सरवर निवासी मानक नगर, समरीन पुत्री मुहम्मद युनुस निवासी मेंहदी गंज, मुहम्मद सैफ़ पुत्र मुहम्मद शफ़ीक निवासी खाला बाज़ार, ज़ेबा बानो पुत्री शाकिर अली निवासी रसूल पुर, जावेद पुत्र बबलू निवासी शेख़ पुर बुलंदा जालौन का निकाह जामा मस्जिद मुन्शी पुलिया इंदिरा नगर लखनऊ में किया गया जिसमें दुल्हन को दस हज़ार रूपया नक़द एवं गृहस्थी का सारा सामान देकर ज़िन्दगी की नयी शुरुआत करने में सहायता की गयी ,ज़ोहर की नमाज़ के बाद सभी का निकाह मौलाना सालेह ने पढ़ाया ।इससे पूर्व शेख़ अफ़ज़ाल अहमद ,इंजीनियर अयाज़ अहमद, मुहम्मद आमिर खान, अनवर सिद्दीक़ी, डाक्टर अख़्तर सिद्दीक़ी, ज़ाहिद रज़ा,बशीर खान, मुहम्मद इमरान खान, हाफिज़ नसीबुद्दीन, फ़हद ,हाफिज़ मुहम्मद सुफ़ियान ने दुल्हा–दुल्हन व उनके परिवार को गुलाब की कली देकर स्वागत किया ।महिलाओं की सारी व्यवस्था हलीमा अज़ीम के कुशल नेतृत्व में की गयीं ।निकाह के बाद मुस्लिम वेल्फ़ेयर सोसायटी के सदर जनाब क़ाज़ी अहमद रज़ा साहब ने मुस्लिम वेल्फ़ेयर सोसायटी की जानिब से किये जा रहे फ़लाही कामों की विस्तार सेचर्चा की ।निकाह मेंशिरकत करने वाले अतिथियों में नायब सदर जनाब साबिर ख़ान, मुस्तक़ीम अहमद सिद्दीक़ी, एफ़ एम सिद्दीक़ी, इंजीनियर इकराम अहमद, हबीबउल्लाह अंसारी, मुहम्मद ख़ालिद, तौसीफ़ खान,महफ़ूज़ अहमद, नोमान अहमद, अतीक़ अहमद सिद्दीक़ी, क़ुद्दूस अंसारी आदि संभ्रांत एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने शिरक़त की । जनाब मुर्तज़ा अली ने सभी का शुक्रिया अदा कर दुल्हा–दुल्हन को आशीर्वाद देकर रूख़्सत किया ।

भवदीय
मुर्तज़ा अली
सेक्रेट्री
सोशल वेल्फ़ेयर एवं कल्चरल एक्टीवीज़ कमेटी लखनऊ ।

# इत्तिस मई तक मेडिकल कॉलेज चालू होने की संभावना,मरीजो को मिलेगा उपचार

कौशाम्बी । मेडिकल कॉलेज कादीपुर में निर्माणाधीन है जिसका लगभग ९३ फिसदी कार्य पूर्ण हो गया है सात फीसदी कार्य ३१ मई तक पूर्ण करने का कंपनी को निर्देश दिया गया है कंपनी द्वारा 31 मई तक हर हालत में मेडिकल कॉलेज को साफ सुथरा कंप्लीट कर प्रदेश सरकार को हैंडोवर करने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा गंभीर से गंभीर मरीजों का इलाज जनपद में मुहैया कराने के लिए एक अदद मेडिकल कॉलेज २७० करोड़ की लागत से स्वीकृत किया गया था सन २०२१ से कंसलटेंट कंपनी द्वारा निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है इस दौरान मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य लगभग ९३ फीसदी पूर्ण हो चुका है ७ फीसदी कार्य अवशेष होने के कारण कार्य में तेजी से प्रगति हो रही है ३१ मई तक कार्य पूर्ण कर प्रदेश सरकार को हैंडोवर कर दिया जाएगा प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा दुर्घटना एवं गंभीर से गंभीर बीमारियों में इलाज जिले में मुहैया करने के लिए सन २०२१ में मेडिकल कॉलेज की सौगात दी गई थी सांसद विनोद सोनकर के अथक प्रयास से मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति नगरपालिका मंझनपुर के अंतर्गत हाईवे मार्ग कादीपुर में निर्माणाधीन था जिसका कार्य लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है मेडिकल कॉलेज को हैंडोवर होते ही डॉक्टरों की पढ़ाई और गंभीर से गंभीर बीमारियों तथा दुर्घटनाओं में हताहत मरीजों का इलाज होगा जिला अस्पताल द्वारा रेफर करने वाले मरीजों को रास्ते में दम तोड़ना नहीं पड़ेगा बल्कि ४ किलोमीटर के अंतर्गत ही कादीपुर में उनका सफल इलाज मुफ्त में मिल जाएगा उधर समय की बचत होगी और एंबुलेंस का भी खर्च घटेगा मेडिकल कॉलेज के चालू होने से बेसहारा और गरीब लोगों को मुफ्त में इलाज जिले के अंदर ही मिल जाएगा कंसल्टेंसी कंपनी के इंजीनियर अखिलेश यादव ने बताया कि सात फिसदी कार्य मेडिकल कॉलेज का शेष होने के कारण तेजी से कार्य पूर्ण किया जा रहा है पूर्ण मेडिकल कॉलेज की रिपोर्ट बनाकर शासन को दी जाएगी शासन मेडिकल कालेज का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग से जांच करा कर हैंडोवर की प्रक्रिया पूरी करेगा।

# ५९८ लीटर अवैध शराब के साथ अठारह अभियुक्तगिरफ्तार

कौशाम्बी । थाना चरवा पुलिस उ०नि० जमील अहमद मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मानसिंह पुत्र रामलखन नि० मीरनपुर मजरा व थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को १०लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । थाना सैनी पुलिस उ०नि० नन्दू यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अन्तू पुत्र स्व० कुबेर नि० खोजवा मजरा पथरावा थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को २७ लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । थाना मो०पुर पइंसा पुलिस उ०नि० सन्तोष कुमार चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त हुन्दला पुत्र स्व० केशव नि० ऐमावारी थाना मो०पुर पइंसा जनपद कौशाम्बी को ५० लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । थाना करारी पुलिस उ०नि० शिव चरन राम मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामप्रताप पुत्र मोहन लाल नि० भटवरिया थाना करारी जनपद कौशाम्बी को २० लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । थााना पश्चिम शरीरा पुलिस उ०नि० राकेश राय मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त दिनेशवा पुत्र घसीटे नि० व थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को ४० लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उ०नि० जनार्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र स्व० बेनी प्रसाद नि० बेरूआ थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को २५ लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । थाना सराय अकिल पुलिस उ०नि० कमलेश कुमार पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामफल पुत्र मंगलदास नि० फकीराबाद थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को २० लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । थाना सराय अकिल पुलिस उ०नि० राजकुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त साहिल पुत्र कल्लू नि० सिहोरवा थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को २० लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । थाना सराय अकिल पुलिस उ०नि० नितेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त उमेश कुमार पुत्र श्यामलाल नि० जरैनी थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को २० लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । थाना पिपरी पुलिस उ०नि० अतुल रंजन तिवारी मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राकेश उर्फ गोरेलाल पुत्र शंकरलाल नि० औधन थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को २२ लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । थाना पिपरी पुलिस उ०नि० चन्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राजेश सरोज पुत्र स्व० बच्चालाल नि० कस्बा चायल थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को २५ लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । थाना पिपरी पुलिस उ०नि० विजय शंकर मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त गुण्डी देवी पत्नी लवकुश नि० मकदूमपुर थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को २० लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । थाना कोखराज पुलिस उ०नि० शकील अहमद मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त विक्रम सिंह यादव पुत्र भैरवत प्रसाद नि० राला थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को १२ लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । थाना कोखराज पुलिस उ०नि० सत्य प्रकाश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त पल्लू पुत्र केदारनाथ नि० मुरादपुर रोही थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को १५ लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । थाना कोखराज पुलिस उ०नि० नीरज कुमार उपाध्याय मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शिवकुश पाल पुत्र सौतन

# राजेश तिवारी को मिली मध्य प्रदेश मीडिया कोऑर्डिनेटर की कमान

रिपोर्ट प्रमोद यादव सुल्तानपुर

सुल्तानपुर। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने पीसीसी सदस्य एवं कांग्रेस नेता राजेश तिवारी को एआईसीसी का मीडिया कोऑर्डिनेटर व मध्य प्रदेश का प्रभारी बनाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। शनिवार को देर शाम एआईसीसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पत्र जारी कर कांग्रेस नेता राजेश तिवारी को मध्य प्रदेश का प्रभारी व एआईसीसी मीडिया कोऑर्डिनेटर मनोनीत किया। कांग्रेस नेता राजेश तिवारी को मध्य प्रदेश का प्रभारी अथवा मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर उनके समर्थक और शुभचिंतकों ने खुशी का इजहार करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि कांग्रेस नेता राजेश तिवारी संघर्षों के साथी रहे हैं, उन्होंने छात्र राजनीति से अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत की और युवा कांग्रेस से प्रदेश प्रवक्ता पद तक का सफर तय किया। मध्य प्रदेश का प्रभारी एवं एआईसीसी मीडिया कोऑर्डिनेटर बनने के बाद राजेश तिवारी ने कहा कि मैंने हमेशा से ही शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अनुपालन किया है, और आगे भी करता



रहूंगा पार्टी ने मुझे मध्य प्रदेश का प्रभारी व एआईसीसी मीडिया कोआर्डिनेटर बनाया है इसके लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार और मैं कोशिश करूंगा की शीर्ष नेतृत्व ने मुझपर जो भरोसा जताया है मैं उस भरोसे को कायम रखूं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने राजेश तिवारी को मध्य प्रदेश का प्रभारी व एआईसीसी मीडिया कोऑर्डिनेटर मनोनीत किए जाने पर उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, एआईसीसी सदस्य फिरोज अहमद, अनवर अंसारी, तेज बहादुर पाठक, दीपक सोनी, मीडिया प्रभारी मो इमरान खान, नंदलाल मौर्य आदि कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी।

# मड़ियांव पुलिस ने दो शातिर अभियुक्तकिए गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश डेस्क लखनऊ (आर एल पाण्डेय).थाना मड़ियांव की पुलिस टीम द्वारा चार अदद बोरी अवैध भांग वजन 144 किलो 100 ग्राम बरामद करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरणः दिनांक 15.04.2024 को थाना मडियाँव लखनऊ की पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास द्वारा सूचना




मिली कि दो व्यक्ति मोटर साइकिल से बन्धा रोड कि तरफ से कबाड़ी मार्केट होते हुये आ रहे है जिनकी मोटर साइकिल पर दो दो बोरी भांग लदी है अगर जल्दी किया जा तो पकड़े जा सकते है। इस सूचना पर पुलिस टीम मय मुखबिर के केशवनगर मोड पर पहुँची तथा कबाड़ी मार्केट की तरफ से आते हुए दो अलग अलग मोटर साइकिल पर सवार दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्तियों से नाम पता पूछा गया तो पहले ने अपना नाम कमलेश रावत पुत्र स्व० चन्द्रिका रावत निवासी–खटईया पोस्ट सरौरा थाना सैरपुर लखनऊ उम्र करीब 40 वर्ष बताया तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम नीरज रावत पुत्र लल्लू रावत निवासी– ग्राम खटईया पोस्ट सरौरा थाना सैरपुर जनपद लखनऊ उम्र करीब 27 वर्ष बताया। पकड़े गये व्यक्तियों के कब्जे से चार अदद अवैध बोरी भांग वजन 144 किलो 100 ग्राम बरामद हुआ। पकड़े गये दोनों व्यक्तियों से भांग रखने के सम्बन्ध में प्रपत्र तथा दोनों मोटर साइकिल के कागज मांगे गये तो दिखाने से कासिर रहे। पकड़े गये व्यक्तियों को उनके द्वारा कारित जुर्म से अवगत कराते हुए अन्तर्गत धारा 60 (ब) आबकारी अधिनियम में समय करीब 19.10 बजे हिरासत पुलिस लिया गया। दौराने गिरफ्तारी व बरामदगी माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों/निर्देशों का अक्षरशः पालन किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 244/24 धारा–60(ब) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को अन्तर्गत 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में अन्य थाना व जनपद से जानकारी की जा रही है।

# खुदागंज में बीच सड़क पर भिड़े दो ऑटो चालक एक गम्भीर घायल

खुदागंज शाहजहांपुर रामलीला मैदान के सामने रविवार को सड़क पर रात्रि में दो ऑटो चालक सवारियों को लेकर आपस में भिड़े लगभग आठ मिनट दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई मारपीट में सरताज हुआ गम्भीर रूप से घायल दोनों चालकों के बीच मारपीट होने के कारण लोगों



की भीड़ जुड़ गई कुछ आटो चालकों द्वारा मारपीट की इस घटना को छुड़वाने और समझाने की भी कोशिश की गई लेकिन दोनों चालक कहां मानने वाले थे कुछ आटो चालकों ने बताया की इस बीच सड़क पर ही आटो चालक सोनू दूसरे ऑटो चालक सरताज के सिर पर राड मार दी जिससे धरती पर गिर गया और उसके सिर से तेज़ी से खून निकलने लगा और सरताज की आंखों के आगे अंधेरा छा गया मौकै पर आटो चालकों द्वारा पानी पिलाया तो सरताज को कुछ दिखा दोनों के बीच मारपीट की वजह से सड़क पर जाम और संसारियों को लेकर बताई जा रही है। बताया जाता है की दोनों चालक अपने आटो को खुदागंज से कटरा मार्ग पर चलाते हैं सोनू आटो चालक कटरा निवासी वही गांव दूसरा घायल आटो चालक कसरक का बताया जा रहा है।

# बस स्टेशन पर रोडवेज बस का टोटा, यात्री परेशान

घण्टो इंतजार करने के बाद सीट पर बैठने के ष्अग्निपरीक्षाष

रिपोर्ट प्रमोद यादव सुल्तानपुर

सुल्तानपुर के बस स्टेशन पर यात्री परेशान है ,चुनाव ड्यूटी में बसें लग जाने का कारण यहां साधन का टोटा है। सहालग के मौसम में महिलाएं पुरुष और बच्चे परेशान है ।घण्टो बाद पहुँची बस के रुकते ही यात्रियों की दौड़ लग जाती है । हर कोई अपना बैग लेकर बस में चढ़ने के लिए दौड़ पड़ रहा है। किसी को लखनऊ जाना है तो किसी को कादीपुर ,आजमगढ़– प्रतापगढ़ प्रयागराज बनारस । यह दृश्य देर रात बस स्टेशन सुल्तानपुर की है ।बस के रुकते ही अपनी सीट रिजर्व करने के लिए लोग खिड़की के रास्ते अपने सामान को रखने लगते हैं जिससे उनका लंबा सफर बैठकर पूरा हो जाये ।यह दृश्य कई दिन से आम है और यात्री परेशान हैं

# पुलिस की छापेमारी में 20 लीटर देसी कच्ची शराब बरामद

संदीप सिंह ब्यूरो चीफ प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ जनपद के महेशगंज थाना अंतर्गत दरोगा शिशिर पटेल शुक्रवार को गस्त पर थे।

मुखबिर से मिली सूचना की बदगवा ग्राम सभा में देसी कच्ची शराब बनाकर बेची जाती है, शिशिर पटेल ने बदगवा गांव पहुंचकर उर्मिला सरोज पत्नी गया सरोज के घर से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया निजी मुचलके पर उर्मिला को थाना से जमानत दी गई, महेशगंज थाना दरोगा विवेक कुमार ने मुखबिर के सूचना पर संसारीपुर, खेमकरनपुर गांव से भारत लाल गौतम पुत्र भैरव गौतम के घर से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर निजी मुचलके पर छोड़ा गया।

# प्रवीर राय को भारत की गैस्ट्रोइटेस्टाइनल एंडोस्कोपी सोसायटी के संयुक्तसचिव के रूप में चुना गया

लखनऊ,,एसजीपीजीआई लखनऊ के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. प्रवीर राय को भारत की गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडोस्कोपी सोसायटी के संयुक्त सचिव के रूप में चुना गया है, जिसका परिणाम हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एंडोकॉन 24 सम्मेलन में घोषित किया गया था। सोसायटी का यह मिशन रोगी



देखभाल में उत्कृष्टता को बढ़ावा देकर, अत्याधुनिक अनुसंधान को आगे बढ़ाकर और पेशेवरों के लिए अद्वितीय शिक्षा और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करके, देश भर में बेहतर पाचन स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करके भारत में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडोस्कोपी को बढ़ाना है। डॉ. प्रवीर राय, जो उन्नत एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं में अग्रणी हैं, पहले से ही एशियाई एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड समूह के सदस्य हैं। डॉ. राय ने कहा कि वह भारत के गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडोस्कोपिस्ट के हित के लिए काम करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि एंडोस्कोपी कराने वाले मरीजों की देखभाल सर्वोत्तम हो। इससे सभी एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं के लिए एसजीपीजीआई लखनऊ आने वाले मरीजों की देखभाल में और वृद्धि होगी।

# अपरिमेय श्याम प्रभु जी के संग कृष्णा नगर मे गूंजे गीता के श्लोक एवं हरे कृष्ण महामंत्र

उत्तर प्रदेश डेस्क लखनऊ ( आर एल पाण्डेय )श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ द्वारा कृष्णा नगर में दो दिवसीय ष्श्रीमद भगवत गीता ज्ञान यज्ञष के द्वितीय एवं अंतिम दिवस 21.04.2024 को सायं 06रू00 बजे, आरवएवएसव एकेडमी, कृष्णा नगर, लखनऊ मे इस्कॉन मन्दिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने प्रवचन मे बताया कि हिन्दू धर्म में 33 करोड़ देवी देवताओं में से परम पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण ही मूल हैं, प्रभुजी ने हमें बताया कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखने पर यह ज्ञान होता है कि अच्छे लोगों के साथ बुरा तथा बुरे लोगों के साथ अच्छा कभी नहीं हो सकता है, यह तभी तक रहता है जब तक व्यक्ति के पुण्य उसके साथ रहते हैं। अंत मे प्रभुजी ने बताया कि यदि हम आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो सभी धर्म ग्रंथों में समान शिक्षा दी गयी है, श्रीमद भगवत गीता के अनुसार परम पुरषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण ही परम ईश्वर हैं। अलग–अलग धर्मों में उन्हें अलग अलग नामों से जाना जाता है। जिस तरह से सूर्य एक ही होता है, लेकिन अलग–अलग जगह पर अलग अलग भाषा मे उसको अलग अलग नाम दिया गया है, ठीक उसी तरह ईश्वर भी एक ही है उन्हें अलग–अलग नामों से पुकारा जाता है। भगवत गीता ज्ञान यज्ञ में कृष्णा नगर, लखनऊ एवं आस–पास के गणमान्य भक्त उपस्थित रहे, सभी भक्तों ने इस्कॉन के सुप्रसिद्ध कीर्तन ष्हरे कृष्णा हरे रामाष् नृत्य तथा विशेष भोजन प्रसाद एवं आइसक्रीम प्रसाद का भी आनंद उठाया।

# देश की दिशा व दशा बदलने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुआ पूर्ण-सोनकर

फोटो न01–सांसद विनोद सोनकर

कौशांम्बी। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर लगातार गांव–गांव प्रचार प्रसार कर रहे हैं विधानसभा मंझनपुर के अवाना आलमपुर, चौपुरवा , विजया चौराहा,ढोकसाहा, धावड़ा , व बरौली में नुक्कड़ सभा कर जनता से सीधे संवाद कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जन समर्थन जुटा रहे ।तथा जन समर्थन के द्वारा पुनः केंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने में सहयोग मांगा। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विनोद सोनकर ने विधानसभा मंझनपुर के आधा दर्जन गांवों में नुक्कड़ सभा व नगर पंचायत पश्चिम शरीरा में नगर भ्रमण कर भाजपा के पक्ष में जन समर्थन जुटाने के लिए सरकार की नीतियों को बताया। तथा नुक्कड़ सभा में सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि पिछले १० वर्षों में देश की दशा और दिशा पूरी तरह से बदल गई है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की और अग्रसर है चाहे आर्थिक व्यवस्था हो या विकास की बात हो ।मानवीय संवेदनाओं की बात हो या कोविद के कठिन दौर का काल रहा हो। हर चुनौतियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कुशल नेतृत्व में सफल साबित किया ।और देश के गांव गरीब ,किसान, मजदूर युवा ,छात्र, महिलाओं के विकास के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर देश को विकसित राष्ट्र की ओर ले जाने को अग्रसर हैं ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक लाल बहादुर ,पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पा देवी ,नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर वीरेंद्र सरोज फौजी ,संगीता सरोज, अजय पांडे ,पिंटू त्रिवेदी ,बबलू गर्ग ,अरुण पटेल ,यशपाल सिंह ,संजय जयसवाल ,राजू पांडे ,दीप नारायण पांडे ,कल्लू करवरिया ,प्रदीप सिंह ,प्रवीण सिंह पटेल ,दुर्गेश गुप्ता ,अजय त्रिपाठी, भूपेंद्र सिंह पटेल आदि सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे ने दी

# विजयगढ़ दुर्ग पर 22 अप्रैल से दो दिवसीय विशाल हिंदू मेले का किया गया है आयोजन

दहकती खबरें ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र

सोनभद्र, मेले में पहुंचेंगे भारी संख्या में श्रद्धालु, सुरक्षा का रहेगा पुख्ता इंतजाम धर्मसभा की बैठक के साथ ही होगा ध्वज पूजन, अखंड हरिकीर्तन, रासलीला, रामसरोवर आरती, हनुमान जन्मोत्सव, सुंदरकांड पाठ , शिवचर्चा और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम विजयगढ़ दुर्ग प्रबंधन समिति सोनभद्र की ओर से विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विजयगढ़ दुर्ग पर 22 अप्रैल से दो दिवसीय विशाल हिंदू मेले का आयोजन किया गया है। मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे, जिसकी वजह से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेगा। इसमें धर्मसभा की बैठक के साथ ही अखंड हरिकीर्तन, रासलीला, श्री राम सरोवर आरती, हनुमान जन्मोत्सव, सुंदरकांड पाठ, शिवचर्चा और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य संत समर्थ स्वामी रामदास जी महाराज बालासाड गुजरात, विशिष्ट अतिथि राजा विजयगढ़ चंद्र विक्रम पदम शरण शाह, विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा प्रमुख माधाराम जी और सोनभद्र सदर विधायक भूपेश चौबे जी होंगे। विशाल हिंदू मेला विजयगढ़ दुर्ग के संयोजक एडवोकेट रवि प्रकाश चौबे ने बताया कि सोनभद्र मुख्यालय से 18 किमी पूर्व दिशा में स्थित विजयगढ़




दुर्ग पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 22 अप्रैल से दो दिवसीय विशाल हिंदू मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें भरी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य संत समर्थ स्वामी श्री रामदास जी महाराज बलसाड़ गुजरात होंगे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि राजा विजयगढ़ चंद्र विक्रम पदम शरण शाह, विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा प्रमुख मधराम जी एवं सोनभद्र के सदर विधायक भूपेश चौबे जी होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि 22 अप्रैल को प्रातः 8 बजे ध्वज पूजन के साथ ही अखंड हरिकीर्तन शुरू होगी। इसके अलावा रात्रि में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रासलीला प्रस्तुत की जाएगी। 23 अप्रैल को ब्रह्म मुहूर्त में हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सायं तीन बजे हवन, सायं पांच बजे श्री राम सरोवर दीपदान आरती, सायं छह बजे धर्मसभा की बैठक, रात्रि 10 बजे प्रसाद वितरण और रात्रि साढ़े दस बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने विजयगढ़ दुर्ग पर आयोजित विशाल हिंदू मेले में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## खबरनवीश का लड़का प्रथम श्रेणी में पास

कौशाम्बी! सिराथू तहसील के बम्हरौली ग्राम सभा का दुर्गा देवी में पढ़ने वाला छात्र बायोलॉजी वर्ग से प्रथम श्रेणी में पास किया हैं! परिवार के लोगों ने प्रशंसा की



हैं, बम्हरौली निवासी खबर नवीश बंशीलाल का सुपुत्र आकाश कुमार दुर्गा देवी इंटर कॉलेज से 12वीं के रिजल्ट में बायोलॉजी विषय से 79.8 परशेंट रिजलट हांशिल कर प्रथम श्रेणी में पास किया है,परिवार के लोगों मे खुशी का महौल बांटी गई मिठाई बड़े बुजुर्गो का मिला आशीर्वाद!

## स्कालर्स प्लेवेज इंटर कालेज के बच्चों ने युपी बोर्ड के नतीजो में लहराया परचम

कानपुर नगर , स्कालर्स प्लेवेज इण्टर कालेज, गोविन्द नगर, कानपुर का युपी बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा आज घोषित उ०प्र० बोर्ड हाईस्कूल तथा




इण्टरमीडिएट 2024 के परिणामों में स्कालर्स प्लेवेज इण्टर कालेज, गोविन्द नगर, कानपुर के छात्र–छात्राओं ने परचम लहराया हाईस्कूल में सिद्धार्थ कुमार– 92 प्रतिशत, सिमरन वाधवा तथा नैन्सी शर्मा 91 प्रतिशत, नयन गुप्ता 88 प्रतिशत, अर्पिता बरार– 86 प्रतिशत, जान्हवी शर्मा तथा शिवांगी साहू–85 प्रतिशत अंको के साथ सर्वश्रेष्ठ रहे साथ ही इण्टरमीडिएट में विद्यालय में विज्ञान वर्ग में अनन्या उपाध्याय 92 प्रतिशत, कीर्ति गुप्ता– 87 प्रतिशत, संजना –86 प्रतिशत तथा वाणिज्य वर्ग में नमित अरोड़ा 77 प्रतिशत, अवन्तिका सक्सेना 75 प्रतिशत तथा अमीषा शर्मा 74 प्रतिशत अंको के साथ सर्वश्रेष्ठ रहे विद्यालय के संचालक सुशील कुमार ने विद्यालय के सभी टापर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय अपना शत–प्रतिशत परिणाम आगे भी अनावरत जारी रखेगा, और भविष्य में छात्रों के हितों को देखते हुए उनके लिए हर उचित कदम उठाये जायेंगे, साथ ही संचालक महोदय ने यह घोषणा करते हुए कहा कि दिनांक 10 मई 2024 तक कक्षा 11 में प्रवेश लेने वाले छात्र/छात्राओं को 10 रजिस्टर निशुल्क तथा एक उपहार दिया जायेगा प्रधानाचार्या सुश्री प्रेमलता श्रीवास्तव, श्रीमती शकुन्तला देवी (अध्यक्षा) तथा गिरीश मल्होत्रा (सचिव) ने छात्र–छात्राओं को सफलता के लिये एवं विद्यालय के सभी अध्यापक/अध्यापिकाओं ने भी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की .

## अग्नि पीड़ित किसानों को मुआवजा दे सरकार - राहुल लोधी

रायबरेली, वही जनपद में अब तक हजारों बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है लेकिन कई जनप्रतिनिधि किसानों की आवाज को लेकर मौन बैठे हुए हैं। यही अन्नदाता देश के लोगों का पेट भर रहे हैं। लेकिन वही आगजनी से लगभग हजारों किसानों की फसल चौपट हो गई है। बीते दिनों हरचंदपुर के संरावा गांव में कुर्मी समाज के एक परिवार की लगभग 25 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। जिसका निरीक्षण करने सपा विधायक राहुल लोधी ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को आर्थिक लाभ दिलाने का आश्वासन दिया और अधिकारियों को अवगत भी कराया। वही समाजवादी पार्टी के विधायक राहुल लोधी ने भाजपा सरकार पर तंज च कसते हुए कहा कि आग लगने से हजारों किसानों की हजारों एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जल गई है किसान अन्नदाता है और फसल तैयार करने के लिए किस को काफी मेहनत करनी पड़ती है तब जाकर फसल तैयार होती है ऐसे में अगर खेत में ही फसल जल जाएगी तो किस की क्या हालत होगी इसकी कल्पना करना मुश्किल है। राहुल लोधी ने जनपद के अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से अवगत भी कराया और स्थित की जानकारी देते हुए मामले को त्वरित जांच कर पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की मांग की है। श्री राहुल लोधी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस भाजपा सरकार में वैसे भी महंगाई ने आम जनमानस की कमर तोड़ रखी हैं। मध्यवर्ग के लोगों को घर चलना मुश्किल हो रहा है। अंत मे कहा कि सरकार पास आपदा प्रबंधन से लड़ने के लिए कोई बात नहीं बची। ताकि सरकार इस तरह की स्थिति से लड़ने के लिए तैयार हो सके इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

# अग्नि पीड़ित किसानो को मुआवजा दे सरकार - राहुल लोधी

ब्यूरो प्रमुख पंकज यादव

रायबरेली, वही जनपद में अब तक हजारों बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है लेकिन कई जनप्रतिनिधि किसानों की आवाज को लेकर मौन बैठे हुए हैं। यही अन्नदाता देश के लोगों का पेट भर रहे हैं। लेकिन वही आगजनी से लगभग हजारों किसानों की फसल चौपट हो गई है। बीते दिनों



हरचंदपुर के संरावा गांव में कुर्मी समाज के एक परिवार की लगभग 25 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। जिसका निरीक्षण करने सपा विधायक राहुल लोधी ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को आर्थिक लाभ दिलाने का आश्वासन दिया और अधिकारियों को अवगत भी कराया। वही समाजवादी पार्टी के विधायक राहुल लोधी ने भाजपा सरकार पर तंज च कसते हुए कहा कि आग लगने से हजारों किसानों की हजारों एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जल गई है किसान अन्नदाता है और फसल तैयार करने के लिए किस को काफी मेहनत करनी पड़ती है तब जाकर फसल तैयार होती है ऐसे में अगर खेत में ही फसल जल जाएगी तो किस की क्या हालत होगी इसकी कल्पना करना मुश्किल है। राहुल लोधी ने जनपद के अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से अवगत भी कराया और स्थित की जानकारी देते हुए मामले को त्वरित जांच कर पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर से भ्रमण करते हुए टीएपीजी कॉलेज पहुंची रैली

जिला ब्यूरो चीफ मोहम्मद राशिद सैय्यद

अम्बेडकरनगर रू स्वीप के तहत टीएनपीजी कालेज में हुआ विभिन्न कार्यक्रम बतादे लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अविनाश सिंह के नेतृत्व में महामाया एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में मतदाता जागरूकता रैली को रही झंडी दिखाकर रवाना किया गया रैली में जिलाधिकारी अविनास सिंह के साथ समस्त अधिकारी मौजूद रहे रैली महामाया एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज से निकली और टीएनपीजी कलेज पहुंकर समाप्त हुई टाण्डा टीएनपीजी कालेज के विशाल प्रांगण में स्वीप के तहत आम मतदातों को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के सभी इण्टर कालेज तथा राजकीय बालिका इटर कालेज सहित समस्त कालेज के छात्र छात्राओं ने छात्र ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। तहसील




व नगर पालिका प्रशासन सहित शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्राम विकास व बाल विकास परियोजना से जुड़े लोग भी शामिल रहे। टाण्डा टीएनपीजी कालेज के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान टाण्डा उपजिलाधिकारी मोहनलाल गुप्ता ने कहा 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के में शतप्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए प्रत्येक मतदान स्थलों पर तथा बूथ स्थलों पर आम मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जाना चाहिए क्योंकि एक एक मत महत्वपूर्ण है आपके एक वोट से सरकार बनती और गिरती है हर व्यक्ति को चाहे वो महिला या पुरूष हो सभी को अपनी वोट की ताकत का अंदाज़ा होना चाहिए आने वाली 25 मई को मतदान अवश्य करें।

# मतदान प्रत्येक व्यस्क नागरिक का मौलिक अधिकार होता है सौरभ मिश्र

रिपोर्ट प्रमोद यादव सुल्तानपुर

सुल्तानपुर कटका क्लब सामाजिक संस्था के क्रीडा प्रकोष्ठ द्वारा एस. चंद्रा. जेनिथ शिक्षालयम पीपरगांव धनपतगंज आयोजित मतदाता जागरूकता निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर खुशी पांडेय, द्वितीय स्थान पर पलक श्रीवास्तव, तृतीय स्थान पर स्नेहा मौर्या रही तो वही चित्रकला प्रतियोगिता में गरिमा दुबे, कविता दुबे, रही भाषण प्रतियोगिता में गौरी मिश्र , वेशान्वी ने बाजी मारी। विजता को मेडल, साल्टीफिकेट, मोमोटो, से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने किया। कार्यक्रम के मुख्याथिति ज़िला पंचायत सदस्य निकलेश सरोज ने संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की। विशिष्ठ अतिथि शिक्षक साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा ने बताया कि लोकतांत्रिक प्रणाली में मतदान का बहुत महत्व है। इसके माध्यम से



जनता शासन व्यवस्था में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती है। संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने कहा कि मतदान प्रत्येक व्यस्क नागरिक का मौलिक अधिकार होता है। मतदान से वह देश की प्रगति और विकास में अपना योगदान दे सकता है। मतदान में हमारे देश के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है । कार्यक्रम का संचालन क्रीडा प्रकोष्ठ अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय सिंह ने आए अतिथियों के प्रति आभार वक्त किया। इस मौके पर उपस्थित सूरज विश्वास, त्रिभुवन नारायण सिंह, सुधीर यादव,नफीसा खातून, राहुल तिवारी, विनय शुक्ला, सपना सिंह , पूजा पांडेय आदि लोग उपस्थित रहें।

# हाईस्कूल में करण कुमार ने 93: अंक पाकर किया विधालय में टॉप तो इण्टर में प्रियांशी मिश्रा 93.20 प्रतिशत अंक हासिल किया प्रथम स्थान

बेहजम कन्हैया विद्यालय इंटर कॉलेज में शत प्रतिशत रहा हाईस्कूल व इण्टर परीक्षा का परिणाम ।

बेहजम खीरी – विकास खंड बेहजम कस्बे के कन्हैया इण्टर कालेज मे यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट में हाईस्कूल के छात्र ने करण कुमार ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप कर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। वही इण्टर परीक्षा में प्रियांशी मिश्रा ने 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्लाक में पहला स्थान हासिल कर लिया। जिसकी जानकारी होते ही उनके घर परिवार में खुशी व्याप्त हो गई। विद्यालय के प्रबंधक अनिल वर्मा और प्रधानाचार्य अतुल जायसवाल ने शिक्षकों के साथ साथ आस पड़ोस के लोगों ने दोनों बच्चों का मुंह मीठा करवाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इण्टर कालेज में इंटर की छात्रा प्रियांशी क़स्बा बेहजम निवासी सतीश मिश्रा फोटोग्राफर की पुत्री है जो शुरू से पढ़ने में अव्वल रही है जिसकी जानकारी मिलते ही उसके स्कूल व परिवार में खुशी व्याप्त हो गई। राजरानी शिक्षा निकेतन में अजय कुमार ने इंटर की परीक्षा में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टाप किया है। बच्चों ने देखे सुनहरे सपने आईएएस बनना चाहता है करण कुमार व प्रियांशी मिश्रा नीट परीक्षा देकर डाक्टर बनना चाहती है कालेज में शिक्षकों ने इन मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। परीक्षा परिणाम की जानकारी पाकर प्रियांशी सबसे पहले अपने पिता के साथ कालेज पहुचकर शिक्षकों से आशीर्वाद लिया। जहां शिक्षकों के साथ साथ कालेज प्रधानाचार्य अतुल जायसवाल ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान करण कुमार ने राष्ट्रीय सहारा से बातचीत में बताया कि आईएएस अधिकारी बनने के लिए मन लगाकर बिना कोचिंग के घर पर पढ़ाई की है वह इससे बेहतर परिणाम लाना चाहता था पर पिता जी बाज़ार में सब्जी की दुकान पर हांथ बटाने व पिता की बेहतर आर्थिक स्थित न होने की वजह से वह स्कूल व घर पर पढ़ाई करने अलावा कोचिंग नहीं कर पाया जिसकी वजह से जितना सोचा था उतना नहीं हो पाया।

# टाण्डा नगरक्षेत्र में नशे का अवैध धंधा करने वालों पर पुलिस का चला चाबुक किराना दुकानदार को किया गिरफ्तार

जिला ब्यूरो चीफ मोहम्मद राशिद–सैय्यद

अम्बेडकरनगर रू बुनकर नगरी टाण्डा में नशे कारोबारियों पर पुलिस ने कसा सिकंजा हयातगंज पुलिस चौकी के पीछे चौक घण्टा घर के आसपास खुलेआम स्मैक



गांजा बेचने वालों पर टाण्डा पुलिस द्वारा कई दिनों से अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत बीते दिनों पूर्व टाण्डा कोतवाल दीपक सिंह रघुवंशी के निर्देश पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई थी जिसमें एक अभियुक्त को जेल भेज दिया गया था। टाण्डा नगर क्षेत्र मे छापेमारी के बाद कई बड़े चेहरे सामने आये जो मादक पदार्थों की अवैध बिक्री करने वालों की पैरवी कर रहे थे टाण्डा एसएचओ दीपक सिंह रघुवंशी ने अवैध ढंग से नशा का कारोबार करने वालो को पुलिस द्वारा सख्त चेतावनी दी गई। वही हयातगंज पुलिस चौकी के पीछे किराने की दुकान से नशे का ब्यापार करने वाले वीरेंद्र पुत्र ओमकार पर आज शनिवार 20 अप्रैल को टाण्डा कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगरक्षेत्र के कांशीराम आवास के पास से वीरेंद्र पुत्र ओमकार को 570 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसआई दिनेश कुमार राय हेड कांस्टेबल फूलचंद, कांस्टेबल विकास कुशवाह व कांस्टेबल अविनाश के साथ मिलकर वीरेन्द्र पुत्र ओमकार निवासी हयातगंज को गिरफ्तार कर लिया गया। टाण्डा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दीपक रघुवंशी ने कहा किसी भी तरह का अपराध करने वाले को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अपराधियों की जगह सलाखों के पीछे होगी।

# गैर मान्यता प्राप्त चार स्कूल कराए गए बंद

## अवैध स्कूल संचालित होने पर सीज कर वसूला जाएगा जुर्माना:बीईओ

## कार्रवाई से अवैध स्कूल संचालकों में हड़कंप

दहकती खबरें ब्यूरो राम प्रताप पांडेय

रुद्रपुर देवरिया। जिलाध्धिकारी के निर्देश पर अवैध तरीके से संचालित प्राईवेट स्कूलों के खिलाफ शनिवार को बेसिक शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की। नगर सहित क्षेत्र में बिना मान्यता के संचालित चार स्कूलों को बंद कराया गया। विभाग की कार्रवाई



से अवैध स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया। कई स्कूल संचालक ताला बंद कर फरार हो गए। बीईओ ने बिना मान्यता प्राप्त किए दोबारा स्कूल खुला पाए जाने पर मकान सीज कर जुर्माना वसूलने की चेतावनी दी। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर सिंह ने नगर के इमामबाड़ा घ्स्थित ओपीएम सीटी मांटेसरी स्कूल का निरीक्षण किया। यहां टीनशेड में विद्यालय का संचालन हो रहा था। विद्यालय के मान्यता संबंघित दस्तावेज स्कूल के संचालक उपलब्ध नहीं करा पाये। बीईओ ने तत्काल स्कूल बंद कराया। क्षेत्र के भगवानपुर पिपरा कछार घ्स्थित द्विजराज ज्योति एकेडमी और माई नन्हे–मुन्हे स्कूल बिना मान्यता के चल रहे थे। स्कूल के छात्रों को भेज कर नजदीक के परिषदीय विद्यालय में नामांकन कराने को निर्देध्घशित किया। चौहट्टा वार्ड में सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल के मान्यता जांच की। यहां स्कूल में मौजूद शिक्षक मान्यता के कागज नहीं दिखा पाए। स्कूल से बच्चों को घर भेजवा दिया गया। प्रबंधक को चेतावनी देते हुए स्कूल को तत्काल बंद करा दिया गया। बीईओ ने कहा कि गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद कराने के बाद उसमें पढ़ने वाले छात्रों को नजदीक के परिषदीय स्कूलों में एडघमिशन कराया जा रहा है। क्षेत्र में सभी गैर मान्यता प्राप्त स्कूल बंद कराए जाएंगे। बंद कराए जाने के बाद भी स्कूल खुले पाए गए तो प्रबंधक और मकान मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को तीसरे दिन भी दिया गया प्रशिक्षण

लोकसभा सामान्य निर्वाचन–२०२४ को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आज तीसरे दिन एम०वी० कान्वेण्ट स्कूल एण्ड कालेज, ओसा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण ०२ पालियों–प्रथम पाली प्रातः ०६ बजे से मध्यान्ह १२ बजे तक एवं द्वितीय पाली–अपरान्ह ०२ बजे से सायं ०५ बजे तक आयोजित की गई। प्रथम पाली में–४०० एवं द्वितीय पाली में–४०० मतदान कार्मिकां को प्रशिक्षण दिया जाना था, जबकि प्रथम पाली में ३६६ मतदान कार्मिकां को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें एक मतदान कार्मिक–कैशियर श्री अशोक कुमार अनुपस्थित रहें तथा



द्वितीय पाली में ३६६ मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया, ०४ मतदान कार्मिक–स्वास्थ्य पर्यवेक्षक श्री शिव सिंह, वरिष्ठ सहायक जिला समाज कल्याण विभाग श्री घनश्याम सिंह यादव, लिपिक एसबीआई मंझनपुर श्री अंकित सिंह एवं निबन्धक लिपिक मंझनपुर श्री गौरव श्रीवास्तव अनुपस्थित रहें। प्रभारी अधिकारी कार्मिकमुख्य विकास अधिकारी डॉ० रवि किशोर त्रिवेदी ने नाराजगी प्रकट करते हुए अनुपस्थित कार्मिकों को सूचित किया है कि २२ अप्रैल २०२४ को प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, अन्यथा की स्थिति में यदि प्रशिक्षण नहीं प्राप्त करते हैं तो सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से सम्बन्धित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की कार्यवाही की जायेंगी।

# सूर्या की 44वीं फिल्म पर बड़ा अपडेट, इस दिन से कार्तिक सुब्बाराज के साथ शूटिंग शुरू करेंगे अभिनेता




अभिनेता सूर्या की अगली फिल्म कंगुवा को लेकर काफी चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म से अपना नया पोस्टर जारी किया था, जिससे फैंस के बीच उत्साह बढ़ा गया। वहीं अब सूर्या अपनी दूसरी फिल्म के लिए भी पूरी तरह से तैयार हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी नई फिल्म की घोषणा की थी, जिसका अस्थाई शीर्षक श्सूर्या 44श है, क्योंकि यह सूर्या की 44वीं फिल्म होगी। इस फिल्म के लिए उन्होंने पहली बार निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज के साथ सहयोग किया है। वहीं अब फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है।

### फिल्म में इस संगीतकार का चलेगा जादू

सूर्या 44 के बारे में कुछ नई जानकारियां सामने आई हैं, जिनमें संभावित संगीतकार और फिल्म की शूटिंग कब शुरू होगी, इस बारे में कुछ अपडेट हैं। चर्चा है कि सूर्या 44 के लिए संगीतकार संतोष नारायणन को शामिल किए जाने की उम्मीद है। यदि संगीतकार वास्तव में इस परियोजना में शामिल होने तो यह कोई नई बात नहीं होगी, क्योंकि उन्होंने कई परियोजनाओं के लिए कार्तिक सुब्बाराज के साथ सहयोग किया है, जिसमें जिगरथंडा डबलएक्स, महान और जगमे थंदीराम शामिल हैं। हालांकि, सूर्या 44 की टीम द्वारा अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।


### इस दिन शुरू होगी शूटिंग

इसके अलावा अभिनेता गजराज और कार्तिक के पिता ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा कि सूर्या 44 के निर्माता जून में फ्लोर पर जाने की योजना बना रहे हैं। इसका मतलब सूर्या 44 की शूटिंग इस साल जून महीने में शुरू होगी। फिल्म का सह–निर्माण सूर्या के होम बैनर, 2डी एंटरटेनमेंट और कार्तिक की स्टोन बेंच फिल्म्स द्वारा किया जाएगा। सूर्या का फिलहाल कंगुवा के पोस्ट–प्रोडक्शन और डबिंग का काम रुका हुआ है, इससे सूर्या 44 के निर्माताओं को फिल्म का प्री–प्रोडक्शन करने के लिए सूर्या का समय मिल जाएगा।

### सूर्या की आने वाली फिल्में

सूर्या को आखिरी बार विक्रम में रोलेक्स के रूप में एक छोटी भूमिका निभाते हुए देखा गया था। आगामी एलसीयू फिल्मों में उनकी भूमिका को और अधिक प्रदर्शित किए जाने की उम्मीद है। अभिनेता की अगली रिलीज निर्देशक शिवा के साथ कंगुवा होगी। हाल ही में एक टीजर जारी किया गया। हालांकि, फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा अब तक नहीं की गई है। फिल्म के पोस्ट–थिएट्रिकल अधिकार प्राइम वीडियो द्वारा सुरक्षित हैं। कंगुवा में बॉबी देओल और दिशा पटानी भी हैं। निर्माता वर्तमान में फिल्म के पोस्ट–प्रोडक्शन में व्यस्त हैं, जिसे कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में डब किया जाएगा। कंगुवा के पोस्ट–थिएट्रिकल स्ट्रीमिंग अधिकार प्राइम वीडियो द्वारा प्राप्त कर लिए गए हैं। दूसरी ओर सूर्या सुधा कोंगारा के साथ सूर्या 43 के लिए भी काम कर रहे हैं, जिसमें दुलकर सलमान, नजरिया फहद और विजय वर्मा होंगे।

# किंग खान के मुरीद हुए गंभीर, शाहरुख की खूबी का बखान करते हुए दिया सर्वश्रेष्ठ टीम मालिक का टैग




हाल ही में, एक इंटरव्यू के दौरान गौतम ने शाहरुख खान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की और कहा, ष्मैंने जिनके साथ काम किया है उनमें वह सबसे अच्छे मालिक हैं और इसका कारण यह नहीं है कि मैं अभी हूं, या पहले केकेआर का हिस्सा था।मुझे नहीं लगता कि मेरी कप्तानी के सात वर्षों में सात मिनट तक क्रिकेट संबंधी बातचीत की हो। उस समय भी, हमने यह बातचीत की थी क्योंकि मैं खुद को छोड़ने की कगार पर था।

### शाहरुख के मुरीद हुए गौतम गंभीर

क्रिकेटर ने शाहरुख की सलाह का खुलासा करते हुए कहा, उन्होंने मुझसे केवल एक ही बात कही थी कि, जब तक आप यहां हैं। आप ही रहेंगे। जब तक आप यहां रहना चाहते हैं, तब तक आप हम आपको नहीं छोड़ेंगे। मैंने सोचा कि एक लीडर के रूप में, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मुझमें प्लेइंग 11 का हिस्सा बनने का साहस होना चाहिए। मैंने शाहरुख को यह बताया। पिछले सात मैचों में मेरी उनके साथ यही एकमात्र बातचीत रही है। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम खुद को नहीं गिराओगे, चाहे कुछ भी हो जाए। तुम मैच खेल खेलोगे। और फिर चीजें बदल गईं।

### किंग खान की तारीफ में कही यह बात

गंभीर ने आगे कहा, ष्तो, एक मालिक के रूप में किसी ऐसे व्यक्ति की कल्पना करें, जो खुद इतना बड़ा, महान उपलब्धि हासिल करने वाला रहा हो और क्रिकेट के बारे में बात भी नहीं करता हो। आपसे आपके निर्णय लेने के बारे में सवाल न करता हो। उसे आपके निर्णय लेने पर भरोसा था। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैंने उन सात सालों में सही फैसले लिए, लेकिन उन्होंने कभी सवाल नहीं उठाया क्योंकि यही वह रिश्ता है, जिससे मुझ पर उन्हें भरोसा था।

# पंकज त्रिपाठी के घर पसरा मातम, सड़क दुर्घटना में जीजा की मौत, बहन की हालत गंभीर




बॉलीवुड एक्टर पंकज त्रिपाठी के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। एक दुखद सड़क दुर्घटना में पंकज के बहनोई की मौत हो गई और साथ में मौजूद उनकी बहन की हालत बेहद गंभीर है। एक्टर की बहन सरिता तिवारी और उनके पति राजेश तिवारी शनिवार शाम करीब 4 बजे निरसा में जीटी रोड के पास सड़क दुर्घटना में बुरी तरह से जख्मी हो गए थे। घायल अवस्था में उन्हें धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सरिता तिवारी का इलाज तो जारी है लेकिन उनके जीजा का निधन हो गया। जानकारी के मुताबिक, राजेश तिवारी और उनकी पत्नी सरिता तिवारी बिहार के गोपालगंज के कमालपुर से पश्चिम बंगाल के चित्तरंजन की यात्रा कर रहे थे। उनकी कार (WB44D-2899) निरसा मार्केट चौक के पास डिवाइडर से टकरा गयी। बताया जा रहा है कि राजेश तिवारी को जब अस्पताल ले जाया गया तो उन्हें मृत घोषित कर दिया गया वहीं उनकी पत्नी का आईसीयू में इलाज चल रहा है। पंकज त्रिपाठी के बहनोई राजेश तिवारी भारतीय रेलवे में कार्यरत थे और चित्तरंजन में तैनात थे। परिवार के सदस्यों ने कहा कि वह अपने गांव से चित्तरंजन वापस जा रहे थे तभी दुर्घटना हुई, जिससे उनकी दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो गई।

### चिराग पासवान ने जताया दुख

बिहार राजनीति के दिग्गज नेता चिराग पासवान ने पंकज त्रिपाठी के परिवार पर आए संकट पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए शोक जताते हुए पंकज त्रिपाठी को हिम्मत दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, मेरे मित्र और अभिनेता भाई पंकज त्रिपाठी के बहनोई की भीषण सड़क हादसे में मौत की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे साथ ही शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में हिम्मत दें। बता दें कि अगस्त 2023 में अभिनेता ने अपने पिता को खो दिया। परिवार की ओर से एक आधिकारिक बयान जारी किया गया और इसमें कहा गया, भारी मन से यह पुष्टि करनी पड़ रही है कि पंकज त्रिपाठी के पिता पंडित बनारस तिवारी अब नहीं रहे। उन्होंने 99 वर्ष का स्वस्थ जीवन जीया। उनका अंतिम संस्कार आज उनके करीबी परिवार के बीच किया जाएगा। पंकज त्रिपाठी इस समय गोपालगंज स्थित अपने गांव जा रहे हैं। जब अभिनेता ने मिमी में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता, तो अभिनेता ने एक बयान जारी किया था, साथ ही घोषणा की थी कि यह पुरस्कार उनके पिता को समर्पित है। उन्होंने उनकी याद में अपने गाँव के हाई स्कूल में एक पुस्तकालय भी खोला था।

# दिल की धड़कनें बढ़ाती है नलिनी नेगी–इशिता गांगुली की हैप्पी एंडिंग, लेकिन फिर भी है कमी



हॉरर मूवीज हम में से कई लोगों की फेवरेट हैं. बॉलीवुड में लम्बे वक्त से हॉरर फिल्में बनती जा रही हैं. इसी लिस्ट में अब एक हैप्पी एंडिंग नाम की शॉर्ट फिल्म का नाम भी जुड़ गया है. टीवी की जानी–मानी एक्ट्रेस नलिनी नेगी और इशिता गांगुली ने इसमें काम किया है. श्हैप्पी एंडिंगश एक हेलोवीन हॉरर शॉर्ट फिल्म है. 10 मिनट लम्बी इस फिल्म की कहानी एक लड़की के बारे में है, जो अपने कमरे में बैठकर हॉरर मूवी देख रही है. जैसे–जैसे फिल्म आगे बढ़ती है लड़की को समझ आता है कि उसकी स्क्रीन पर दिख रही लड़की के साथ जो हो रहा है, वो उसके साथ भी असल जिंदगी में हो रहा है. ऐसे में आगे चलकर कुछ ऐसा होता है जो चौंकाने वाला है. अनिल बजाज की बनाई हॉरर शॉर्ट फिल्म हैप्पी एंडिंग की कहानी पेपर पर काफी दिलचस्प रही होगी, लेकिन देखने में बहुत खास नहीं है. फिल्म देखते हुए आपको कुछ हद तक अपने साथ बांधती है. उसमें सस्पेंस फैक्टर है, लेकिन हॉरर फैक्टर की काफी कमी है. फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर भी उतना स्ट्रॉन्ग नहीं है. लेकिन कहना पड़ेगा कि बिना किसी डायलॉग के इस फिल्म का मैसेज साफ तौर पर दर्शकों तक पहुंचाया गया है. हैप्पी एंडिंग की कहानी को लेखक मुश्ताक शेख ने लिखा है. शेख को ओम शांति ओम, रा.वन, बिल्लू और रंगरेज जैसी फेमस बॉलीवुड फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है. उनकी लिखी इस शॉर्ट फिल्म की कहानी अच्छी है, लेकिन ये स्क्रीनप्ले में मात खा रही है.परफॉर्मेंस की बात करें तो लौट आओ तृषा और लाल इश्क जैसी टीवी शो में दिखाई देने वाली नलिनी नेगी ने फिल्म में अच्छा काम किया है. वहीं मैत्री में नागिन की भूमिका के लिए जानी जाने वाली इशिता गांगुली भी इस डरावनी शॉर्ट फिल्म में अपने किरदार को सही से निभा गई हैं. दोनों एक्ट्रेसेज को जितना रोल दिया गया उन्होंने अच्छे से किया. हैप्पी एंडिंग, जियो सिनेमा पर फ्री में स्ट्रीम हो रही है.

# तलाक की खबरों के बीच ऐश–अभिषेक ने कर डाला ऐसा पोस्ट? फर्जी अफवाहों की उड़ गईं धज्जियां!



बीते कुछ महीनों ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन को लेकर कई खबरें सामने आईं हैं। कई बार कहा गया कि ऐश्वर्या राय अब अभिषेक का घर छोड़ने वाली हैं, किसी रिपोर्ट में कहा गया कि ऐश्वर्या ने परिवार या उनके बीच किसी एक को चुनने वाली बात अभिषेक बच्चन से बोली हैं।कभी कहा गया कि सास जया बच्चन और ननद श्वेता बच्चन से उनकी नहीं बनती। सबसे बड़ी अफवाह तो ये सामने आई थी कि दोनों का तलाक होने वाला है। लेकिन अब कुछ ऐसा हुआ है कि तलाक के खबर की धज्जियां उड़ चुकी हैं। जी हां, अपनी शादी के 17वीं सालगिरह में ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन दोनों ने एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में उनके साथ उनकी बेटी आराध्या भी है जो कि काफी खुश नजर आ रही है। तस्वीर को पोस्ट करते हुए किसी तरह का कैप्शन तो नहीं लिखा गया है लेकिन एक हार्ट इमोजी बना हुआ है।

### क्या कह रहे हैं लोग

जैसे ही तस्वीर सामने आई तो लोगों के कमेंट्स भी सामने आए है। सबसे ज्यादा तो इंडस्ट्री के सितारों ने ही रिएक्ट किया है। इस लिस्ट में बॉबी देओल, ईशा देओल, रितेश देशमुख और सोनू सूद जैसे सितारे शामिल हैं। एक यूजर ने लिखा है, आखिरकार, तलाक की अफवाहों पर विराम लग सका। कितनी राहत। एक ने लिखा, शादी की सालगिरह मुबारक एक ने लिखा, वह अपना हेयर स्टाइल क्यों नहीं बदल लेती।श्श एक ने लिखा, श्श्स्वीट तस्वीर।श्श एक ने लिखा, सुकून मिल गया। इस तरह से लोग कमेंट्स कर रहे हैं।

### वर्कफ्रंट

अभिषेक बच्चन की बात करें तो वो इस वक्त कुछ प्रोजेक्ट्स को लेकर बिजी हैं। हालांकि ऐश्वर्या राय बच्चन लगातार फिल्मों से दूर है। लेकिन इतना सही है कि फैंस उनको एक बार फिर से बड़े पर्दे पर धमाका करते हुए देखने के लिए बेचौन हैं।

# पटना शुक्ला की टीम ने मनाया फिल्म की सफलता का जश्न, रवीना–शूरा की खूबसूरती ने लूट ली महफिल



रवीना टंडन की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म पटना शुक्ला को लोगों का भरपूर प्यार मिल रहा है। डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई इस फिल्म की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म की कहानी के साथ इसके अदाकारों की भी लोग जमकर प्रशंसा कर रहे हैं। इस फिल्म को मिल रहे जबर्दस्त रिस्पॉन्स के बीच हाल ही में पटना शुक्ला की पूरी टीम फिल्म की सफलता का जश्न मनाती दिखी।इस सक्सेस पार्टी में रवीना टंडन, अरबाज खान, शूरा खान चंदन रॉय सान्याल समेत फिल्म की पूरी स्टार कास्ट और क्रू नजर आया। सफेद ऑफ शोल्डर ड्रेस में रवीना बला की खूबसूरत नजर आ रही थीं। मिनिमल मेकअप और खुले बाल उनके लुक में चार चांद लगा रहे थे। वहीं, फिल्म के निर्माता अरबाज खान अपनी पत्नी शूरा खान के साथ नजर आए। शूरा ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस में बेहद सुंदर लग रही थीं। पति–पत्नी एक साथ पैपराजी के सामने पोज देते नजर आए। दोनों के चेहरे पर फिल्म की सफलता की खुशी साफ झलक रही थी।इसके अलावा फिल्म में अहम रोल निभाने वाले चंदन रॉय सान्याल भी खास अंदाज में दिखे। डेनिम जैकेट में वे काफी हैंडसम लग रहे थे। उनके अलावा मानव विज, सुष्मिता मुखर्जी और जतिन गोस्वामी भी इस पार्टी में नजर आए। वर्क फ्रंट की बात करें तो इस फिल्म के बाद रवीना जल्द ही वेलकम टू द जंगल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, अरशद वारसी, संजय दत्त, श्रेयस तलपड़े, जॉनी लिवर, सुनील शेट्टी समेत कई दिग्गज सितारे दिखने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं। इस फिल्म को इसी साल दिसंबर में रिलीज करने की तैयारी है।

# चमकीला के मर्डर के बाद हुई थी इस एक्टर की हत्या, धर्मेंद्र से है गहरा नाता



मुंबईः मनोरंजन जगत में इन दिनों दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा के खूब चर्चे हो रहे हैं. दोनों स्टार्स की चमकीला हाल ही में रिलीज हुई है, जो खूब सुर्खियां बटोर रही है. परिणीति और दिलजीत के लीड रोल वाली ये फिल्म पंजाबी सिंगर अमर सिंह चमकीला की बायोपिक है, जिसमें दिलजीत दोसांझ ने अमर सिंह चमकीला और परिणीति चोपड़ा ने सिंगर की दूसरी पत्नी अमरजोत की भूमिका निभाई है. फिल्म की कहानी अमर सिंह चमकीला की पूरी जिंदगी की कहानी बताती है. वह कैसे अपने करियर की बुलंदियों पर पहुंचे, अपनी जिंदगी के प्यार अमरजोत से उनकी लव स्टोरी कैसे शुरू हुई, जैसे तमाम पहलुओं की झलक देखने को मिलती है. एक दिन अचानक चमकीला और अमरजोत की गोली मारकर हत्या कर दी जाती है, लेकिन ये फिल्म भी इस राज पर से पर्दा नहीं उठा पाई कि दोनों की हत्या आखिरकार किसने की. अमर सिंह चमकीला और अमरजोत की हत्या की दिल दुखा देने वाली कहानी कहीं ना कहीं बॉलीवुड के हीमैन यानी धर्मेंद्र से भी जुड़ी है. दरअसल, चमकीला और अमरजोत की हत्या के कुछ दिनों बाद ऐसी ही एक घटना में धर्मेंद्र ने अपने चचेरे भाई वीरेंद्र सिंह को भी खो दिया था. अमर सिंह चमकीला की ही तरह वीरेंद्र सिंह की भी सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. पंजाबी सिनेमा इंडस्ट्री में एक दौर ऐसा था जब वीरेंद्र सिंह के नाम का डंका बजता था. वीरेंद्र सिंह रिश्ते में सुपरस्टार धर्मेंद्र के भाई थे. वह धर्मेंद्र के चचेरे भाई लगते थे. यही नहीं, लुक्स और पर्सनालिटी के मामले में भी उनकी तुलना धर्मेंद्र से होती थी. यही वजह है कि उन्हें पंजाबी फिल्मों का धर्मेंद्र कहा जाता था. वह एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ ही शानदार फिल्ममेकर भी थे. उन्होंने करीब 25 फिल्में बनाईं और 25 की 25 फिल्में हिट रहीं. वीरेंद्र सिंह ने अपने करियर की शुरुआत तेरी मेरी एक जिंदड़ी से की थी. वीरेंद्र सिंह अपनी पहली ही फिल्म से हिट हो गए थे और फिर उन्होंने कभी अपनी जिंदगी में पलट कर नहीं देखा. लगातार सक्सेस की सीढ़ियां चढ़ते रहे. इसी बीच उन्हें जान से मारने की धमकी दी जाने लगी. लेकिन, वह अपनी कामयाबी पर ध्यान देते रहे. इसी बीच एक दिन जब वह एक फिल्म की शूटिंग कर रहे थे, सेट पर दिनदहाड़े उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई. जब वीरेंद्र सिंह की हत्या की गई वह महज 40 साल के थे. जैसे अमर सिंह चमकीला की हत्या की वजह और आरोपियों पर से अब तक पर्दा नहीं उठ पाया है उसी तरह वीरेंद्र सिंह की हत्या क्यों की गई, ये भी एक राज ही है.

# जय हो पूरी तरह से एआर रहमान की रचना थी, सुखविंदर ने राम गोपाल वर्मा के दावों का किया



फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा ने हाल ही में एक घटना साझा की जहां एआर रहमान ने फिल्म श्युवराजश के निर्माण के दौरान सुभाष घई की हताशा पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। इसके साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया था कि श्जय होश गाने का निर्माण ए आर रहमान ने नहीं बल्कि सुखविंदर सिंह ने किया है। हालांकि, अब खुद सुखविंदर सिंह ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। आइए जानते हैं कि गायक ने क्या कहा है। एक साक्षात्कार में, राम गोपाल वर्मा ने सुझाव दिया कि गाने के संगीत के पीछे सुखविंदर थे, एआर रहमान नहीं। हालांकि, सुखविंदर ने खुद इन दावों का खंडन किया है और कहा है कि प्रतिष्ठित चार्टबस्टर पूरी तरह से अकादमी पुरस्कार विजेता संगीतकार रहमान की रचना थी। सुखविंदर सिंह ने स्पष्ट किया कि यह एआर रहमान थे, जिन्होंने गीत की रचना की थी, और उन्होंने इसमें केवल अपनी आवाज दी थी। उन्होंने कहा, मैंने इसे केवल गाया है। राम गोपाल वर्मा जी कोई छोटी हस्ती तो नहीं है, शायद उन्हें कुछ गलत पता चला होगा। सुखविंदर सिंह ने बताया कि कैसे गुलजार ने गाना लिखा, जो रहमान को पसंद आया और फिर इसे मुंबई के जुहू में सुखविंदर के स्टूडियो में तैयार किया। रहमान ने इसे सुभाष घई के लिए भी गाया था , लेकिन उस समय सुखविंदर की आवाज रिकॉर्ड नहीं की गई थी। सुखविंदर सिंह ने उस पल को याद किया जब घई और रहमान चले गए, जिससे सुखविंदर निराश हो गए। इसके बाद गायक ने गुलजार से 10–15 मिनट रुकने की अपील की। जब उनसे पूछा गया कि ऐसा क्यों है, तो उन्होंने जवाब दिया कि गीत इतनी खूबसूरती से तैयार किए गए थे कि वह उन्हें खुद गाने का प्रयास करना चाहते थे। गायक ने आगे कहा, ष्नाचते कूदते मैंने गा दिया। यह वही जय हो था जिसे आप आज सुनते हैं। मैंने इसे रहमान साहब को भेजा, जिन्होंने इसे स्लमडॉग मिलियनेयर के निर्देशक डैनी बॉयल को सुनाया। रहमान उन्होंने अपना वादा निभाया और युवराज के लिए सुभाष जी को एक और गाना दिया।

## विजय हरि ट्रस्ट के सभी सदस्य मिलकर स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष के की खास मुलाकात

लखनऊ ।

लखनऊ राजाजी पुरम में लघु उद्योग के बारे में जानकारी प्राप्त करने हेतु श्रीमती पुष्पा साहू जी, अध्यक्ष(साई स्वयं सहायता समूह ) के घर पहुंचे और विजय हरि ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने श्रीमती पुष्पा साहू जी को पुष्प भेट किया तथा श्रीमती पुष्पा साहू जी ने लघु उद्योग के बारे में पूरी जानकारी दी। उनकी जानकारी से हमे ये अवगत हुआ कि कैसे लघु उद्योग का कार्य करना है। इसी क्रम में विजय देवी, सबा परवीन, डॉक्टर सज्जाद, काजी अहमद, प्रभात तिवारी, अनीता सिंह, अनामिका कुमारी, सीमा सिंह, नितिन साहू, खुशबू गुप्ता, नीतू सैनी, शकीला बानो, समाज सेवक मोहम्मद शकील , अवध वृंदावन डेवलपमेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष एस० के ० द्विवेदी, अंकित रावत,राजू कुमार, सुनन्दा साहू , प्रिया दुबे, दिलीप कुमार सभी लोग उपस्थित रहेद्य

## अज्ञात कारणों से लगी आग एक भैस की हुई मौत एक भैस घायल चल रहा इलाज लाखों रुपये का हुआ नुकसान

### कड़ी मशक्कत के बाद गाँव वालो ने आग पर काबू पाया उसके बाद फायर ब्रिगेड भी पहुंची

संवाददाता रमेश कुमार खोड़ारे / गोंडा

खोड़ारे थाना क्षेत्र के अंर्तगत ग्राम पंचायत केशव नगर के मजरा कौवागढ में शनिवार को दोपहर अज्ञात कारणों से छप्पर में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान



हो गया है, गाँव वालों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ए बताया जा रहा है कि अज्ञात कारणों के आग लगने से करीब आधा दर्जन से ज्यादा छप्पर व घास फूस के मकान जलकर राख हो गए हैं ए छप्पर के मकान में रखा घर गृहस्थी का सारा समान जलकर राख हो गया है आगजनी की चपेट में आने से एक मवेशी की जलकर मौके पर मौत हो गई है, और एक मवेशी घायल है जिनका इलाज चल रहा है । सूचना पर पहुची खोड़ारे पुलिस व राजस्व विभाग ने मौक़ा मुआयना कर आगे की कार्रवाई में जुटे

## 10वीं की परीक्षा में प्रत्युष विहार व केशव के बच्चों ने लहराया परचम

दहकती खबरें ब्यूरो राम प्रताप पांडेय

रूद्रपुर (देवरिया) । यूपी बोर्ड 10वीं की परीक्षा में प्रत्युष विहार रामचक की रागिनी यादव ने 88.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है । वहीं सलोनी राजभर ने 87.33 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा सन्नी यादव ने



84.66 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। युवराज कुमार ने 84.16, अंकित गोड़ ने 83.5, आदित्य मद्धेशिया ने 82.66, इशिका दिवाकर ने 82.16 तथा शुभम यादव 81.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार का मान बढ़ाया है।वही केशव सरस्वती स्कूल रूद्रपुर की छात्रा गरिमा त्रिपाठी पुत्री आलोक त्रिपाठी ने अपने स्कूल में 89.1 अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राणाप्रताप ,राम दयाल सहित विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभाशीष देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है ।

## बाईक सवार ने दम्पत्ति को बनाया ठगी का शिकार

### सोने का मंगलसूत्र व जिऊतिया लेकर हुआ रफूचक्कर


दहकती खबरें ब्यूरो राम प्रताप पांडेय

रूद्रपुर (देवरिया)। घर से मार्केटिंग के लिए जा रहे दम्पति को बाईक सवार युवक ने ठगी का शिकार बनाया। ठगबाज युवक ने दम्पत्ति को झांसे में लेकर सोने का जिउतिया व मंगलसूत्र लेकर फरार हो गया । पीड़ित ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज लेकर मामले की जांच–पड़ताल कर रही है। कस्बे के तहसील कालोनी, लालटोली वार्ड निवासी बुद्धिराम वर्मा (65) अपनी पत्नी घौला देवी के साथ बीते सोमवार को सुबह 11.30 बजे मार्केटिंग के लिए जा रहे थे। अभी वह घर से करीब 100–150 फर्लांग आगे मनोज किराने की दुकान के निकट पहुंचे थे, उसी दौरान वहां हेलमेट पहना एक युवक बिना नम्बर प्लेट की टीबीएस राइडर मोटरसाइकिल से आकर रुका । उसने बुद्धिराम की पत्नी घौला देवी से कहा कि मार्केट में मेरी ज्वेलरी की दुकान है । आपका लड़का फूल कुमार मेरे दुकान पर माला बनवा रहा है । उसका डिजाइन आप जो माला पहनी हुई हैं, वैसा ही बनाना है । उस फ्राड युवक के झाँसे में आकर घौला देवी ने लगभग 12 ग्राम का जिऊतिया तथा 5 ग्राम का मंगलसूत्र उतार कर उसे दे दिया । दम्पति को विश्वास दिलाने के नाम पर उस युवक ने बुद्धिराम को अपने बाईक पर बैठा लिया । किन्तु बसस्टेशन तक आने के बाद उसने बुद्धिराम को चकमा देकर फरार हो गया । कुछ देर बाद जब दम्पति को अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ तो कोतवाली पहुंचा । सूचना पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए मामले की जांच में जुट गई है ।

## यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में छात्रोंओ का रहा दबदबा निर्मला ने प्राप्त किया 90.88प्रतिशत अंक

(दहकती ख़बरें ब्यूरो)

इटवा (सिद्धार्थनगर)माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा घोषित यूपी बोर्ड की परीक्षा परिणाम में छात्रोंओ का दबदबा रहा सनशाइन कान्वेंट स्कूल के छात्र–छात्राओं अधिकतम अंक प्राप्त कर अपने स्कूल और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया हाई स्कूल की छात्रा निर्मला पुत्री हरिराम निवासी फुलवापुर 90. 88प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल की टॉपर बनी है ।इसी स्कूल से इंटरमीडिएट की छात्रा कविता यादव पुत्री कृपाल यादव निवासी सेहुणा 70.5प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रेशन किया सोनम पुत्री फूलचंद 86प्रतिशत ,मोनिका पुत्री फूलचंद 85प्रतिशत , खुशनुमा पुत्री मकबूल अहमद 85प्रतिशत ,रंजू पुत्री राकेश गुप्ता 85प्रतिशत ,नेहा पुत्री कामता प्रसाद 85 प्रतिशत , रीना पुत्री सुखराम मौर्य 84 प्रतिशत , ज्योति पुत्री विनोद गुप्ता 83 प्रतिशत रागिनी पुत्री



सतीश साहनी 82प्रतिशत ,ईश्वर चंद्र पुत्र राममिलन 79प्रतिशत ,बदरुद्दीन पुत्र वजहुल कमर 77 प्रतिशत , अहमद हुसैन पुत्र जाकिर हुसैन 76प्रतिशत , नंदनी शर्मा पुत्री राम निधि शर्मा 74 प्रतिशत ,रीमा पुत्री हरिराम 74प्रतिशत ,अरबाज 72प्रतिशत ,मोहम्मद इमरान 71प्रतिशत ,मोनू पुत्र अमरनाथ 69प्रतिशत ,मो.इसरार 69प्रतिशत ,सचिन चौहान पुत्र विशंभर 69 प्रतिशत ,शिवानी 68प्रतिशत ,इस्माइल 65प्रतिशत ,ललिता 67प्रतिशत ,राम जीत 61प्रतिशत ,विनोद पुत्र छेदीलाल 62प्रतिशत ,सदरे आलम 61प्रतिशत ,मोहम्मद अजीज 56प्रतिशत ,राम जी यादव 55प्रतिशत, राम सुमिरन 57प्रतिशत , सुधीर सोनी 63प्रतिशत ,दिनेश गुप्ता 57प्रतिशत , शीला 57प्रतिशत ,मुकेश सिंह 55 प्रतिशत , कन्हैया 50 प्रतिशत इस स्कूल से इंटरमीडिएट में 45 बच्चों का पंजीकृत थे जिसका परिणाम सत प्रतिशत रहा इसी प्रकार हाई स्कूल में 85छात्र पंजीकृत थे जिसमें सभी उत्तीर्ण हुए छात्र एवं छात्राओ को स्कूल के स्टाफ समाजसेवी व बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है

## मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी का हुआ सम्मान

### (पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जन भावना पत्रिका के प्रदेश ब्यूरो ने किया सम्मान)

दहकती खबरें

ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोंनभद्र। वरिष्ठ पत्रकार मीडिया फोरम ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सोन साहित्य संगम के निदेशक पंडित मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी जी को पत्रकारिता एवम साहित्य के क्षेत्र में अविस्मरणीय एवम उल्लेखनीय योगदान देने के लिए जन भावना पत्रिका के उत्तर प्रदेश ब्यूरो राकेश शरण मिश्र ने जन भावना पत्रिका परिवार की तरफ से उनके सोनभद्र आगमन पर पुष्प माला, श्री राम नाम का फटका ओढ़ाकर नगर स्थित उनके निज आवास पर सम्मानित किया । इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एवम सोन साहित्य संगम के संरक्षक किशोर न्यायालय बोर्ड के सदस्य ओम प्रकाश त्रिपाठी एवम अधिवक्ता पत्रकार रामानुज धर दिवेदी , पत्रकार संजीव कुमार श्रीवास्तव सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित थे। इस अवसर पर जन भावना पत्रिका के उत्तर प्रदेश ब्यूरो राकेश शरण मिश्र ने कहा कि मिथिलेश दिवेदी जी ने अपनी लेखनी से पत्रकारिता में जो मुकाम हासिल किया है वो अनुकरणीय और वंदनीय है। वही सोन साहित्य संगम



के संरक्षक वरिष्ठ साहित्यकार ओम प्रकाश तिवारी ने कहा कि मिथिलेश प्रसाद दिवेदी जी निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता के मिसाल है। अधिवक्ता पत्रकार रामानुज धर दिवेदी ने कहा कि श्री दिवेदी जी ने अपनी लेखनी से सदैव आमजन की मूलभूत समस्याओं को उठाने का काम किया है। अपने सम्मान से अभिभूत मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि जन भावना पत्रिका परिवार ने मुझे जो सम्मान दिया है उसके लिए जन भावना के उत्तर प्रदेश ब्यूरो सहित सभी उपस्थित पत्रकार और साहित्यकार साथियों के प्रति आभार ज्ञापित करता हूं। और यह विश्वास दिलाता हूँ कि जब तक मेरी लेखनी चलती रहेगी मैं समाज के शोषित पीड़ित और मजलुमो की व आमजन की मूलभूत समस्याओं को जैसे अभी तक उठाता रहा हूं आगे भी बिना किसी भेद भाव के उठाता रहूंगा। इस अवसर पर अधिवक्ता उमापति पांडेय, अनिल कुमार मिश्र, प्रदीप धर दिवेदी , हिमांशु मिश्र, राहुल मिश्र ,दुर्गेश दिवेदी, आनंद दिवेदी, दिनेश तिवारी , अशोक कुमार पांडेय एवम प्रमोद दुबे सहित पारिवारिक जन उपस्थित रहे।

## चौदह वर्ष की नाबालिग बालिका की रचाई जा रही थी शादी चाईल्ड हेल्पलाइन टीम ने लिया संज्ञान- धर्मवीर सिंह

दहकती खबरें ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र

सोनभद्र, विशेष सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुआ की थाना पन्नूगंज अन्तर्गत एक नाबालिक बालिका की शादी 10 मई 2024 को होने वाली हैं जिसका उम्र चौदह वर्ष है जिसके सम्बन्ध में तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी पुनीत टण्डन द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय एवं चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट से सुपरवाईजर, सुधा गिरि, धर्मवीर सिंह, काउन्सलर अमन कुमार सोनकर की संयुक्त टीम गठित कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिसके बाद टीम द्वारा तत्काल थाना पन्नूगंज से समन्वय स्थापित करते हुए मौकेपर पर पहुंच कर बालिका के उम्र के सम्बन्ध में साक्ष्य चाहा गया प्राप्त साक्ष्य के आधार पर बालिका की उम्र 14वर्ष पाया गया, वस्तु स्थिति को देखते हुए टीम द्वारा नाबालिग बालिका को अपने अभिरक्षा में लेते हुए थाना पर पहुंचा गया जहाँ पर नियमानुसार कार्रवाही करते हुए बालिका को बाल गृह बालिका इन्द्रपुरी कालोनी रावर्टसगंज सोनभद्र में आवासित करवा दिया गया है जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि जनपद स्तर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया




जा रहा है साथ हीं आमजन मानस को बाल विवाह से होने वाले हानियों के बारे मे भी बताया जा रहा है बाल विवाह एक दण्डनिय अपराध है और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष निर्धारित है। निर्धारित उम्र से कम होने की स्थिति में बाल विवाह करने पर पुलिस विभाग द्वारा अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवाह करने वाले माता–पिता, विवाह में सम्मिलित होने वाले रिश्तेदार, टेंट प्रभारी डीजे साउड/धुमाल प्रभारी, भोजन बनाने वाले रसोइया हलवाई, केटरिन प्रभारी, विवाह कराने वाले पंडित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। अधिनियम के तहत 02 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा 01 लाख के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है यदि इस प्रकार की घटना के बारे में जानकारी प्राप्त होतीं हैं तो तत्काल सूचना सम्बंधित थाने, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, मोबाइल नम्बर 8318953732 या चाईल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 1098 पर सूचित करें जिससे तत्काल संज्ञान लेते हुए बाल विवाह कुप्रथाओं को जड़ से समाप्त किये जा सके और जनपद को बाल विवाह मुक्त कराया जा सके।

## शहजादा साहब उदय प्रताप सिंह इंटर कॉलेज हाई स्कूल की छात्रा शीतल कुमारी ने गणित मे 100: लाकर किया टाप

दहकती खबरें ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र

रामगढ सोनभद्र शहजादा साहब उदय प्रताप सिंह इंटर कॉलेज, रामगढ़ में इण्टर विज्ञान वर्ग 90: तथा हाई स्कूल में 95:छात्र उत्तीर्ण हुए यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 का परीक्षा फल घोषित हुआ जिसमें हाई स्कूल में 90,83: छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की तथा विद्यालय की छात्रा शीतल कुमारी पुत्री नन्दलाल ने गणित में 100 मे 100 अंक प्राप्त कर अपना परचम फहराई इण्टर में 90,68: छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की शीतल कुमारी ने 91 83: अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया


शहजादा साहब उदयप्रताप सिंह इण्टर कालेज
रामगढ़ (विजयगढ़) सोनभद्र

प्रधानाचार्य

विद्यालय का परीक्षा परिणाम बहुत ही अच्छा रहा इस बात की जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री गौरीशंकर सिंह ने दिया उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया तथा उत्तीर्ण हुए सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की अगले सत्र में और अधिक बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मार्ग दुघर्टना में दो लोग गम्भीर रूप से चोटिल

(दहकती ख़बरें ब्यूरो)

इटवा(सिद्धार्थनगर)। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत डुमरियागंज मार्ग पर करहिया पुल के पास दो बाइक की आमने–सामने भिडंत में दो लोग गम्भीर रूप से चोटिल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद चोटिलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया



गया ।जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह दस बजे के लगभग डुमरियागंज मार्ग स्थित करहियापुल के पास एक बुलेट और मोटरसायकिल की आमने सामने भिडंत हो गयी। जिसमें दो लोगों को गम्भीर रूप से चोट लग गयी। इटवा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर चोटिलों को सीएचसी इटवा इलाज हेतु लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति देख चोटिलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। सिद्धार्थनगर जिले के थाना त्रिलोकपुर अन्तर्गत ग्राम सिकौथा निवासी 30 वर्षीय इरशाद पुत्र बेचू तथा जिला बस्ती के थाना परसरामपुर अन्तर्गत ग्राम नेढ़ोला निवासी 25 वर्षीय मो. रईश पुत्र मो. वसीम को गम्भीर चोर लगी। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## नाबालिग बालिका को वधू बनने से बचाया गया- सीमा शर्मा

दहकती खबरें ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र

, आज दिनांक 20 अप्रैल 2024 को विशेष सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुआ की थाना जुगैल अंतर्गत एक नाबालिक बालिका की शादी किया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी पुनीत टंडन ने संयुक्त टीम गठित करते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता वीणा




राव व चाइल्ड हेल्प लाइन यूनिट से सीमा शर्मा केस वर्कर, बजरंग सिंह, सत्यम चौरसिया सुपरवाईजर की संयुक्त टीम गठित कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। टीम द्वारा थाना जुगैल से समन्वय स्थापित करते हुए पुलिस टीम के साथ मौकेपर पर पहुंच कर माता पिता से बालिका की उम्र के संबंध में साक्ष्य चाहा गया प्राप्त साक्ष्य के आधार पर बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम पाया गया टीम द्वारा तत्काल नियमानुसार बालिका को अपने अभिरक्षा में लेते हुए सम्बंधित थाने पर पहुंच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए बाल कल्याण समिति सोनभद्र के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु ले जाया गया चाईल्ड हेल्पलाइन यूनिट से सीमा शर्मा केस वर्कर द्वारा बताया गया कि यदि बाल विवाह के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 1098 पर सूचित करें जिससे तत्काल संज्ञान लेते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

## रुक नहीं रहा आग लगने का सिलसिला,

### अहिलैया में 10 बीघे की फसल हुई खाक – नहीं आई दमकल, महिलाओं ने पानी से आग पर काबू पाया

दहकती खबरें

ब्यूरो रिपोर्ट तारा शुक्ला सोनभद्र। जनपद में आग लगने का सिलसिला रुकने का नाम ही नहीं ले रहा ।राबट्र्सगंज कोतवाली क्षेत्र के अहिलैया गांव में दिन में लगभग ग्यारह बजे अज्ञात कारण से लगी आग ने विकराल रूप ले लिया ।जिससे ऊंचडीह गांव निवासी राजबहादुर सिंह की लगभग पांच बिगहे की गेंहू की फसल एवं सुदर्शन देव पाण्डेय की लगभग दो बिगहे की फसल जलकर खाक हो गई। दोनों किसानो का खेत अहिलैया में ही है ।अन्य कुछ किसानो की भी थोड़ी थोड़ी फसल नुकसान हुई है। आग बहुत तेजी से गांव की तरफ बढ़ रही थी जिससे पूरा गांव चपेट में आ सकता था। लेकिन गांव वालो की एकजुटता एवं साहस की वजह से न सिर्फ गांव



जलने से बचा, बल्कि कई छोटे किसानो की फसल बच गई। उधर आग लगने की सूचना पर प्रदेश सरकार के यूथ आइकॉन सौरभ कांत पति तिवारी भी मौके पर पहुँच गए और राहत बचाव कार्य करने लगे। उन्होंने कहा की यह बहुत गंभीर समस्या है जिसपर सरकार और प्रशासन को गंभीरता से सोचना होगा की आखिर ये आग किन कारणों से लग रही है ।जबकि बिजली सुबह से ही नहीं थी ।और जहाँ आग लगी थी वहां तो कोई पोल तार और ट्रांसफार्मर भी नहीं था। ग्रामीणों ने कहा की इस बार जो भी आगजनी हुई है ये किसी ने की है। उधर मौके पर पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि अनुपम तिवारी ने तत्काल लेखपाल से बात की और पीड़ित किसानो को सर्वे करके मुआवजा दिलवाने की बात कही। उन्होंने कहा की अग्निशमन केंद्र पर फोन किया गया था, लेकिन कोई भी दमकल खाली नहीं था। आग बुझाने में गांव की महिलाओं का सबसे अहम योगदान था ।हैंडपम्प से बाल्टी में पानी भर कर खूब मेहनत कर महिलाओ ने आग पर काबू पाया। इस गांव के लोगों ने अन्य गाँवो के लोगों के लिए मिसाल भी पेस की है की यदि किसी कारण बस दमकल मौके पर नहीं पहुँच पा रहा है तो सामूहिक प्रयास से विकट से विकट समस्या से निपटा जा सकता है ।उक्त अवसर पर बुद्धिराम, अनिल, विनोद पति तिवारी बिट्टू तिवारी, मुन्नू, शिवप्रसाद, विश्वनाथ पासवान,फूलमती, इंद्रावती, सुगिया, तारा, चंद्रभान पासवान लोग उपस्थित रहे।

दहकती खबरें
स्वामी प्रकाशक,मुद्रक एवं सम्पादक सिराज अहमद द्वारा 86/98 प्वाइंट ऑफसेट,कुर्मी टोला गुरु गोविन्द सिंह मार्ग लालकुआं, लखनऊ से मुद्रित तथा म.न.09,फर्रुखाबाद चिल्लावां,थाना सरोजनीनगर, तहसील लखनऊ,जिला लखनऊ,उत्तरप्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक – सिराज अहमद । मो0. 9369491542 ,सह–सम्पादक: इम्तियाज अहमद । मो0. 9044777902 RNI NO.- UPHIN/2011/39283, E-mail: dahaktikhabrain2011@gmail.com नोट: समचार पत्र से सम्बन्धित सारे विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ न्यायालय होगा।